राष्ट्र का प्रतिशोध

भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक

"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"

सेना को सलाम

संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

गुरुवार 8 मई, 2025 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 26 बैशाख 2082 Punjab Kesari, Delhi वर्ष : 42 / अंक : 127

मूल्य ₹ 4.50 16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00, पृष्ठ संख्या 12, Ph. : 011-30712200, 45212200

LD ****

कानोडिया

QUALITY SINCE 1936

KANODIA

कानोडिया कोल्हू ब्रांड

कच्ची घानी और पीली सरसों का तेल

राष्ट्रीय सर्राफा

	सोना	चांदी
● दिल्ली		
24K	: 99150	चांदी तैयार : 99000
● कोलकाता		
24K	: 99000	चांदी तैयार : 99000
● मुम्बई		
24K	: 99000	चांदी तैयार : 99000
● चेन्नई		
24K	: 99000	चांदी तैयार : 1,11,000

विदेशी मुद्रा बनाम रुपया

करंसी	खरीद	बिक्री
अमरीकी डालर	82.95	86.75
पौंड स्टर्लिंग	110.99	115.71

शेयर सूचकांक

BSE 80746.78 +105.71

NSE 24414.40 +34.80

मौसम Min 24°c Max 34°c

IPL 2025 आज का मैच

पंजाब किंग्स VS दिल्ली कैपिटल्स

धर्मशाला, 7:30 बजे से

सेना ने 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए

25 मिनट का ऑपरेशन सिंदूर, 7 मिनट लगे मिसाइल स्ट्राइक में

शाहरुख खान दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित और ग्लैमरस फैशन इवेंट में शामिल हुए!

दिल्ली में ब्लैकआउट

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): नई दिल्ली में बुधवार रात 8 से 8:15 बजे तक लुटियंस जोन में एनडीएमसी द्वारा ब्लैकआउट किया गया। यह कदम देशव्यापी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल 'ऑपरेशन अभ्यास' के तहत उठाया गया। न्यू दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल (एनडीएमसी) के अनुसार, इस ब्लैकआउट में अस्पताल, पीएमओ, राष्ट्रपति भवन, मेट्रो स्टेशन और अन्य जरूरी प्रतिष्ठानों को शामिल नहीं किया गया।

(सम्पूर्ण कवरेज पृष्ठ-5 पर)

भारत ने अपने अधिकार का इस्तेमाल किया

पंजाब केसरी/नई दिल्ली

पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के करीब 9 घंटे बाद सरकार, सेना और एयरफोर्स के अफसरों ने घटना की जानकारी दी। बुधवार सुबह 10:30 बजे मीडिया ब्रीफिंग से पहले एयर स्ट्राइक का 2 मिनट का वीडियो प्ले किया गया। इसमें बताया गया कि मंगलवार रात 1:04 बजे से 1:11 बजे के बीच 7 मिनट में 9 टारगेट तबाह किए गए। हालांकि ऑपरेशन पूरा होने में कुल 25 मिनट का समय लगा। देश के इतिहास में पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस में आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी मौजूद थे। पहलगाम हमले को लेकर आक्रोश की स्थिति को स्वाभाविक बताते हुए विदेश सचिव ने कहा, "भारत ने आज सुबह आतंकी ढांचे को तबाह करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल किया।" सरकार ने बुधवार को ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम देकर भारत ने पहलगाम जैसे सीमापार हमलों पर जवाब देने, उन्हें रोकने और धता बताने के अपने अधिकार का इस्तेमाल किया है। सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि उसका ध्यान आतंकी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवादियों को निष्क्रिय करने पर केंद्रित है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में, भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान स्थित जिन आतंकी ठिकानों पर हमला किया उनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं। मिसरी ने कहा कि ये कार्रवाई नपी-तुली, टकराव को नहीं बढ़ाने वाली और जिम्मेदाराना थीं। पहलगाम हमले पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रेस वक्तव्य का जिक्र करते हुए मिसरी ने कहा कि इसमें "आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने और उन्हें न्याय के दायरे में लाने की आवश्यकता" को रेखांकित किया गया।विदेश सचिव ने कहा, "भारत की ताजा कार्रवाई को इस परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए।"

(पृष्ठ-2, 3 और 4 भी देखें)

क्या कहा कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने

मंगलवार-बुधवार की रात 1.05 से 1.30 बजे के बीच ऑपरेशन हुआ। पहलगाम में निर्दयता से जिन निर्दोष पर्यटकों को मारा गया, उसके लिए यह ऑपरेशन किया गया। पाकिस्तान में 3 दशकों से आतंकवादियों का निर्माण हो रहा है। हमले के बाद भी यह सामने आया है। हमने पाकिस्तान और पीओके में 9 टारगेट चुने थे और स्ट्राइक में इन्हें तबाह कर दिया गया। इन जगहों पर लॉन्चपैड, ट्रेनिंग सेंटर्स को टारगेट किया गया। हमने विश्वसनीय सूचनाओं और इंटेलिजेंस के आधार पर इन लक्ष्यों को चुना। पीओके में सबसे पहले टारगेट सवाई नाला मुजफ्फराबाद में था, यह लश्कर का ट्रेनिंग सेंटर था। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम हमले के आतंकियों ने यहीं ट्रेनिंग ली। मुजफ्फराबाद के ही सैयदना बिलाल कैंप में आतंकियों को हथियार, विस्फोटक और जंगल सर्वाइवल की ट्रेनिंग दी जाती थी।गुरपुर के कोटली में लश्कर का कैंप था, यहां पुंछ में 2023 में श्रद्धालुओं पर हुए हमले के आतंकी ट्रैंड हुए थे।पाकिस्तान में हमारा पहला टारगेट सियालकोट का सरजल कैंप था। मार्च 2025 में पुलिस जवानों की हत्या करने वाले आतंकवादियों को यहीं ट्रेन किया गया था। सियालकोट के महमूना जाया कैंप में हिजबुल का बहुत बड़ा कैंप था। यह कठुआ में आतंकवाद का नियंत्रण केंद्र था। पठानकोट हमला यहीं प्लान किया गया। मरकज तैयबा मुरीदके में टेररिस्ट कैंप है। अजमल कसाब और डेविड कोलमैन हेडली यहीं ट्रेन हुए थे। मरकज सुभानअल्लाह बहावलपुर जैश का हेडक्वार्टर था। यहां आतंकवादियों का रिक्रूटमेंट होता था, उन्हें ट्रेनिंग दी जाती थी। जैश के बड़े अफसर यहां आते थे।

गर्व का पल : नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सदस्यों को जानकारी दी। बैठक में उन्होंने भारतीय सेना की प्रशंसा भी की। कैबिनेट बैठक की शुरुआत में पीएम मोदी को कैबिनेट मंत्रियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए बधाई दी।कैबिनेट से जुड़े सूत्र ने बताया कि भारतीय सेना ने तैयारी के अनुसार बिना किसी गलती के कार्रवाई को अंजाम दिया। केंद्रीय कैबिनेट के सभी मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि पूरा देश उनके साथ है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सेना की सराहना करते हुए इसे गर्व का पल बताया। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रधानमंत्री मोदी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रात भर मॉनिटरिंग कर रहे थे। सूत्रों ने पुष्टि की कि प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और सैन्य कमांडरों के साथ लगातार संपर्क में थे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अभियान योजना के अनुसार आगे बढ़े।

प्रधानमंत्री मोदी ने चुना 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम

पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों के हमले का नाम 'ऑपरेशन सिंदूर" प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुना। सूत्रों ने कहा कि आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी जिनमें सभी पुरुष थे और अनेक मृतकों की पीड़ित पत्नियों को ध्यान में रखते हुए जवाबी अभियान के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर" नाम सबसे मुफ़ीद समझा गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा हमारी सेनाओं ने एक नया इतिहास रचा है। सेनाओं ने सटीकता से तय योजना के साथ आतंकी ठिकानों का खात्मा किया है। किसी भी रिहायशी इलाके में कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हमारी सेना ने मस्तक ऊंचा किया। सेना का संबल बढ़ाने के लिए मैं पीएम मोदी का भी धन्यवाद देता हूं। हमने केवल उन्हीं को मारा जिन्होंने हमारे मासूमों को, सेना ने आतंकियों के कैंपों को तबाह करके जवाब दिया।

गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया है। मोदी सरकार भारत और उसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

काश मैं भी मर जाता

● मरने वालों में मसूद अजहर की बहन और मौलाना कशफ का पूरा परिवार शामिल

90 निर्दोषों की हत्या करने वाले के जब अपने मरे तो फूट-फूटकर रोया आतंकी सरगना मसूद अजहर...

90 आतंकी ढेर, मसूद परिवार के 14 लोग मरे

एजेंसी/बहावलपुर

यद्यपि पाकिस्तान सरकार ने भारत के हमले में कुल 26 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है लेकिन सूत्रों का कहना है कि कम से कम 90 आतंकवादी ढेर हो गए हैं।

पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी अड्डों को मिट्टी में मिला दिया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई इस कार्रवाई में मोस्ट वॉन्टेड आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 14 लोग भी मारे गए हैं। आतंकी मसूद अजहर ने चिट्ठी जारी करते हुए कहा कि दिल करता है कि काश मैं भी इस हमले में मर जाता। वह फूट-फूट कर रोया।

पाकिस्तान के बहावलपुर में भारतीय हवाई हमलों में जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर का भाई और बहन भी मारी गई है। घोषित आतंकवादी के रिश्तेदार भी हमलों में मारे गए। जैश-ए-मोहम्मद ने बयान जारी करते हुए कहा कि मौलाना मसूद अजहर की बड़ी बहन के साथ मौलाना कशफ का पूरा परिवार मारा गया है। मुफ्ती अब्दुल रऊफ के पोते पोतियां। बाजी सादिया के पति समेत सबसे बड़ी बेटी के 4 बच्चे घायल हुए हैं। ज्यादातर महिलाएं और बच्चे मारे गए हैं। बीबीसी उर्दू ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत ने बहावलपुर इलाके में सुभान अल्लाह केंद्र को निशाना बनाया है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता के अनुसार, बहावलपुर के पास अहमदपुर शर्किया इलाके में स्थित सुभान मस्जिद को चार हमले किए गए। एक मस्जिद पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। बहावलपुर प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मोहम्मद का केंद्रीय मुख्यालय भी है और मदरसा अल-सबीर और जामिया मस्जिद अल-सुभान इसका हिस्सा हैं। (पृष्ठ-2 भी देखें)

पाकिस्तान में पीओके के मुजफ्फराबाद इलाके में भारतीय सेना के हमले के दौरान एक इमारत ढह गई तो वहां रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हो गया।

भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान के सुरक्षाबल के पास अभी यही विकल्प था कि नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए।

भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक के बाद करांची एयरपोर्ट पर हैरान-परेशान लोग उड़ानें रद्द होने के बाद और जानकारी मिलने का इंतजार करते हुए।

कश्मीर घाटी में उरी के एक गांव जो कि एलओसी के पास बसा है पर पाकिस्तानी सेना ने बौखलाहट में गोलियां चलाईं जिससे अनेक लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

अब तो लाहौर में फहराएंगे तिरंगा

उत्साही भारतीयों ने कहा भारत माता की जय

जम्मू-कश्मीर, (पंजाब केसरी): भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान और पीओके में की गई कार्रवाई को लेकर जम्मू में स्वागत किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में स्थानीय लोगों ने 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' के नारे लगाए। इस दौरान स्थानीय लोगो में काफी ज्यादा उत्साह दिखाई दिया ।स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा था, वह कर दिखाया। अभी मात्र 100 किलोमीटर तक घुसे हैं, 300 किलोमीटर तक जाना बाकी है। उत्साहित लोग बोले, हम इस्लामाबाद और लाहौर तक तिरंगा फैलाएंगे। स्थानीय लोगों ने कहा कि हम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और एनएसए अजीत डोभाल को बधाई देते हैं। पूरे देश की मांग थी कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान को सबक सिखाने का काम किया जाए। मंगलवार की रात लोग सोए रहे और भारत पाकिस्तान में तबाही मचाता रहा। सुबह पता चला कि आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया है। इस दौरान सैन्य कार्रवाई में आतंकियों के नौ ठिकाने ध्वस्त कर दिए गए। स्थानीय लोगों ने कहा कि आतंक के पनाहगाह पाकिस्तान के अंदर हाहाकार मचा हुआ है। पाकिस्तान को धराशायी करने का काम भारतीय सेना ने किया। वहीं, पुंछ के अंदर हमारी थल सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। अभी मात्र 100 किलोमीटर तक घुसे हैं, 300 किलोमीटर तक जाना बाकी है।

जैसे ही भारतीय एयर स्ट्राइक की खबर आई तो पाकिस्तान के पंजाब में मुरीदके शहर की सड़कों पर हर तरफ एंबुलेंस दौड़ती नजर आई क्योंकि वहां काफी तबाही हुई। (सभी चित्र-प्रेट, एपी)

पायलट बनने की ठान ली थी विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने

नई दिल्ली,(पंजाब केसरी): विदेश सचिव विक्रम मिसरी और कर्नल सोफिया कुरैशी के साथ भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बुधवार को संवाददाताओं को जानकारी देने वाली विंग कमांडर व्योमिका सिंह एक कुशल हेलीकॉप्टर पायलट हैं, जिन्होंने कई तरह के विमान उड़ाए हैं और जटिल परिस्थितियों में नागरिकों को सुरक्षित निकालने के अभियानों में भाग लिया है। उन्होंने एक बार एक चैनल के कार्यक्रम में बताया था कि किस तरह उनका नाम व्योमिका उनके पायलट बनने की यात्रा में मददगार रहा। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत के सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे

वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य हमले किए गए। प्रेस ब्रीफिंग में विदेश सचिव मिसरी के साथ दो महिला अधिकारी - विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया मंच पर बैठी थीं जिन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सरकार की ओर से शुरुआती बयान दिया। दोनों महिला अधिकारियों ने भारतीय सेना द्वारा निशाना बनाए गए स्थलों के बारे में जानकारी मीडिया से साझा की। व्योमिका के पति भी भारतीय वायु सेना में पायलट हैं। उन्होंने 2023 में एक निजी चैनल द्वारा आयोजित पैनल चर्चा के दौरान साझा किया था कि कैसे उनका नाम-व्योमिका, पायलट बनने की उनकी नियति में सहयोगी रहा।

भारत की एयर स्ट्राइक के बाद दिल्ली समेत पूरे देश में अलर्ट

25 एयरपोर्ट पर उड़ानें बंद, 320 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द की गई

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : भारत द्वारा पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक के बाद भारत-पाक सीमा पर तनाव चरम पर पहुंच गया है। इस कार्रवाई के बाद देश के सात राज्यों में 25 एयरपोर्ट्स पर उड़ानें अस्थायी रूप से बंद कर दी गई हैं। जिन प्रमुख एयरपोर्ट्स पर परिचालन रोका गया है, उनमें श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, बीकानेर, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर शामिल हैं। इन क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए, ये सभी पाकिस्तान की सीमा के निकट स्थित हैं। भारत ने यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद की है। मंगलवार देर रात किए गए इस ऑपरेशन में भारत ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इन हमलों में 100 से अधिक आतंकियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। सरकार ने इस मिशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया है। इसके बाद सुरक्षा कारणों के चलते हवाई सेवाओं पर व्यापक असर पड़ा है। एअर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस, आकासा एयर सहित कुछ अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ने संयुक्त रूप से करीब 320 उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया ने 9 शहरों की उड़ानें 10 मई सुबह 5:29 बजे तक रद्द कर दी हैं, जबकि इंडिगो ने 11 शहरों की उड़ानें इसी अवधि तक कैंसिल की हैं। स्पाइसजेट ने 6 शहरों के लिए उड़ान सेवाएं 7 मई तक स्थगित रखी हैं।

आईपीएल मैच भी प्रभावित : देश में बढ़े सुरक्षा तनाव का असर खेल आयोजनों पर भी पड़ा है। मुंबई इंडियंस टीम की धर्मशाला यात्रा आईपीएल 2025 मैच के लिए बाधित हो गई है। धर्मशाला एयरपोर्ट बंद होने के कारण टीम को सड़क मार्ग से यात्रा करनी पड़ सकती है। 11 मई को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच मैच प्रस्तावित है। वहीं, पाकिस्तान की ओर से भी एयरस्पेस पूरी तरह बंद है। किसी भी वाणिज्यिक उड़ान को पाकिस्तानी क्षेत्र में उड़ने की अनुमति नहीं दी गई है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच एयरलाइंस ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा से पहले फ्लाइट स्टेटस की जांच अवश्य करें।

करतारपुर कॉरिडोर, स्कूल, यूनिवर्सिटी भी बंद

सुरक्षा की दृष्टि से जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। पंजाब के बॉर्डर जिलों फिरोजपुर, पठानकोट, फाजिल्का, अमृतसर और गुरदासपुर में बुधवार को सभी स्कूल बंद रखे गए, जबकि पठानकोट में अगले 72 घंटों तक स्कूल बंद रहेंगे। श्रीनगर स्थित कश्मीर यूनिवर्सिटी ने सभी परीक्षाएं रद्द कर दी हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कहा है कि नई तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। भारत-पाक सीमा पर स्थित करतारपुर कॉरिडोर को भी फिलहाल बंद कर दिया गया है। बुधवार को यहां से 491 श्रद्धालुओं को पाकिस्तान जाना था, लेकिन इनमें से 60 को प्रवेश के बाद लौटा दिया गया। करतारपुर वह पवित्र स्थान है जहां सिखों के पहले गुरु, गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन के अंतिम वर्ष बिताए थे।

Haryana Shehri Vikas Pradhikaran

हरियाणा सरकार

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण लेकर आए हैं

आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत सम्पत्तियों और बहु-मंजिला अपार्टमेंट की ई-नीलामी

दिनांक : 21 से 30 मई, 2025

नीलामी की तिथि	साइटों का ब्यौरा	ज़ोन
21 मई, 2025 (बुधवार)	प्रेफरेंशियल सम्पत्तियां (आवासीय व व्यावसायिक)	सभी ज़ोन
22 मई, 2025 (गुरुवार)	आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां	पंचकूला और हिसार ज़ोन
23 मई, 2025 (शुक्रवार)	आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां	रोहतक और फरीदाबाद ज़ोन
27 मई, 2025 (मंगलवार)	आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां	गुरुग्राम ज़ोन
28 मई, 2025 (बुधवार)	नर्सिंग होम, क्लिनिक व सभी स्कूल की साइटें	सभी ज़ोन
30 मई, 2025 (शुक्रवार)	मेजर साइटें (व्यावसायिक साईट, शॉपिंग मॉल, अस्पताल और संस्थागत साईट) और कंपोजिट साईट सेक्टर - 43, गुरुग्राम	सभी ज़ोन

दिनांक 16/04/2025 को प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि प्रशासनिक कारणों से ई-नीलामी की तिथियों को पुनः निर्धारित किया गया है।

ई-नीलामी 2025-26 की कलेक्टर रेट/आवंटन दरों/संस्थागत दरों के आधार पर इस शर्त के साथ आयोजित की जाएगी कि यदि वर्ष 2025-26 के लिए कलेक्टर रेट/आवंटन दरों/संस्थागत दरों को संशोधित किया जाता है तो तत्पश्चात बोली राशि को आनुपातिक आधार पर संशोधित किया जाएगा और बिडर अंतर राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य होगा।

पंजीकरण ई-नीलामी की निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व बंद हो जाएगा।

ई-नीलामी सुबह 10 बजे शुरू की जाएगी।

मुख्य बैंकों से ऋण की सुविधा उपलब्ध।

*नियम एवं शर्तें लागू

*ई-नीलामी में दर्शाई गई सम्पत्तियों को बिना नोटिस ई-नीलामी से हटाया जा सकता है।

EPABX - 0172-2567858, 2587185

हेल्पलाइन नंबर: 1800-180-3030

किसी भी जानकारी के लिए हमें ई-मेल करें : eauctioncell.hsvp@gmail.com

मुख्य प्रशासक

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण

hsvphry.org.in

SAMVAD R.O. No. 1083/13/361/2026/34542/142/7 Dt. 07/05/2025

दिल्ली और अन्य बड़े एयरपोर्ट्स पर सुरक्षा कड़ी

भारत-पाकिस्तान में तनाव के चलते दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) पर सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त कर दी गई है। यहां सीआईएसएफ के जवान स्निफर डॉग्स के साथ व्यापक तलाशी अभियान चला रहे हैं। दिल्ली एयरपोर्ट से बुधवार को 35 उड़ानों को रद्द करना पड़ा, जिनमें 23 घरेलू, 4 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें और 8 आने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं। इसी तरह तमिलनाडु के त्रिची एयरपोर्ट और जोधपुर एयरपोर्ट पर भी अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

3 ड्रोन आए और सब तहस-नहस

पाकिस्तान के चश्मदीद की जुबानी-एयर स्ट्राइक की कहानी

दिल्ली, (पंजाब केसरी) पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों पर भारत के एयर स्ट्राइक से भयानक तबाही हुई है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 100 किमी अंदर तक जाकर आतंकियों के ठिकानों को नेस्तानाबूद किया। भारत के एयर स्ट्राइक में पाकिस्तान में 70 से अधिक आतंकियों के मारे जाने की खबर है। इस स्ट्राइक के जरिए भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है।. पाकिस्तान में हुए भारत के कार्रवाई के दौरान क्या मंजर रहा, इसका ब्योरा वहीं के एक स्थानीय युवक ने बताया है।

पाकिस्तान के मुरीदके के युवक ने बताया- रात 12:45 बजे ड्रोन आया(पाकिस्तान के मुरीदके के एक स्थानीय युवक ने बताया, "रात के करीब 12:45 बजे पहले एक ड्रोन आया, उसके बाद तीन अन्य ड्रोन आए और उन्होंने मस्जिदों पर हमला कर दिया। सब कुछ तहस-नहस हो गया।"

ड्रोन ने सीधे मस्जिद पर किया हमला, छत पर बैठा बंदा मारा गया

चश्मदीद युवक ने बताया कि पहले एक ड्रोन आया, उसके बाद तीन और ड्रोन आए। और सीधे मस्जिद पर हमला कर दिया। इससे सब कुछ तबाह हो गया। मस्जिद की छत पर बैठा एक बंदा मर गया। चश्मदीद ने यह भी बताया कि पहले ड्रोन की हाइट ज्यादा थी।. उसके बाद तीन जो ड्रोन आए वो कम ऊंचाई पर थे।

चंद मिनटों में ही नेस्तनाबूद हो गया आतंक का किला

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) भारत ने पहलगाम हमलेके बाद ले लिया है। मंगलवार देर रात 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक पाकिस्तान में मौजूद लश्कर, जैश और हिजबुल के 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई। इन हमलों में तीनों आतंकी संगठनों के आकाओं के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। ये तीन आतंकी खून के आंसू रो रहे हैं।

इस हमले से मसूद अजहर इतना टूट चुका है उसने तो यहां तक कह दिया है कि अच्छा होता कि वो भी इस हमले में मारा जाता। लश्कर ए तैयबा के सरगना हाफिज सईद के तीन ठिकानों पर हमला किया गया, जिनमें मिरदके, सवाई नल्ला और मरकज अहले हदीस (बरनला) शामिल है। मुरदके में मौजूद कैंप को लश्कर ए तैयबा का सेंटर या हेडक्वार्टर भी कहा जाता है। यहीं

लश्कर, जैश और हिजबुल के 9 ठिकाने ध्वस्त

पर आतंकियों को ट्रेनिंग मिलती थी। यह ठिकाना इंटरनेशनल बॉर्डर से महज 30 किलोमीटर दूर था। बरनाला और सवाई नल्ला के ठिकानों पर आतंकियों को हथियारों और आईईडी की ट्रेनिंग दी जाती थी। इस हमले में सबसे बड़ी चोट आतंकी मसूद अजहर को पहुंची है। जैश-ए-मोहम्मद के बहावलपुर मुख्यालय, सरजाल, बिलाल कैंप और कोटली स्थित लॉन्च पैड को निशाना बनाकर तबाह कर दिया गया। बहावलपुर, जैश का सबसे बड़ा ऑपरेशन हब था। बहावलपुर का सेंटर इंटरनेशनल बॉर्डर से 100 किलोमीटर दूर था।

जहां ली थी कसाब ने ट्रेनिंग

मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का 'मरकज तैयबा" वह स्थान है, जहां 2008 के मुंबई हमले में शामिल अजमल कसाब समेत अन्य आतंकवादियों को प्रशिक्षण दिया गया था। यही मरकज तैयबा जमींदोज हो चुका है। एयर स्ट्राइक में सभी आतंकी ठिकाने तबाह हो गए।

पहलगाम का बदला

(1) पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना के मिसाइल हमलों के बाद प्रयागराज में खुशी मनाते लोग। (2) मुरीदके, पाकिस्तानी पंजाब में भारतीय मिसाइल हमले में ध्वस्त हुए आतंकी ठिकाने को देखता एक सुरक्षा गार्ड। (3) इस आतंकी लांच पैड पर मौजूद कई आतंकियों के मारे जाने की खबर है। (छाया : प्रेट्र.)

सिंदूर-2 इससे भी बड़ा होगा!

पाकिस्तान में 12 और आतंकी ठिकाने भारतीय सेना के निशाने पर

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद तेजी से बदल रहे घटनाक्रम के बीच पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि अगर वह नहीं सुधरा तो इससे भी बड़ा हमला किया जाएगा।

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया है और इसके अलावा अभी 12 अन्य आतंकी लांच पैड भारतीय मिसाइलों के टारगेट पर हैं।

पाकिस्तान की तरफ से होने वाले किसी भी हमले को रोकने के अलावा भारतीय सेना इन 12 ठिकानों को भी नष्ट करने की योजना पर काम कर रही है। भारत की सेनाओं ने मंगलवार-बुधवार की देर रात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर यानी पीओके में कई आतंकी ठिकानों पर भीषण हमला किया है। भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों के 21 कैंपों पर मिसाइल से स्ट्राइक की है। जानकारी के मुताबिक, इस हमले में 100 से ज्यादा आतंकियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि, इस बारे में सेना ने स्पष्ट नहीं किया है।

पीएम मोदी का यूरोप दौरा रद्द

पाकिस्तान के भीतर आतंकियों पर भारत की कार्रवाई के बाद जारी तनाव के बीच पीएम मोदी ने बड़ा फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नॉर्वे, क्रोएशिया और नीदरलैंड की यानी 3 देशों की यात्रा फिलहाल रद्द हो गई है। पीएम मोदी इन 3 यूरोपियाई देशों में कई अहम द्विपक्षीय वार्ताओं और बैठकों में हिस्सा लेने वाले थे। अब तक पीएम मोदी की विदेश यात्रा के रद्द होने का कारण नहीं बताया गया है लेकिन माना जा रहा है राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण समय को देखते हुए ये फैसला किया गया है। इस बीच, पूर्व सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे ने ट्वीट किया कि अभी तो पिक्चर बाकी है...

जवानों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द

ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त कामयाबी के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा पर हालात तेजी से बदल रहे हैं। पाकिस्तान और पीओके में स्थित आतंकियों के ठिकानों पर भारतीय वायुसेना की सटीक स्ट्राइक के बाद अब गृह मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाया है। सूत्रों के अनुसार, बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी और सीआईएसएफ सहित सभी अर्धसैनिक बलों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं। गृह मंत्रालय का निर्देश है कि सभी जवान सतर्कता के साथ ड्यूटी पर मौजूद रहें और सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिकतम उपस्थिति दर्ज कराई जाए। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान की सीमाओं पर अतिरिक्त बल तैनात कर दिए गए हैं। रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, मेट्रो और संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा भी कड़ी कर दी गई है।

भारत से तनाव खत्म करने को तैयार पाक

इस्लामाबाद, (भाषा): पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को कहा कि अगर नयी दिल्ली नरम रुख अपनाता है तो पाकिस्तान, भारत के साथ तनाव 'खत्म' करने के लिए तैयार है। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर भारत द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई के कुछ घंटों बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का यह बयान आया है। 'ब्लूमबर्ग टेलीविजन' ने आसिफ के हवाले से खबर में बताया कि पाकिस्तान केवल तभी जवाब देगा जब उस पर हमला होगा। उन्होंने कहा, ''हम पिछले एक पखवाड़े से लगातार कह रहे हैं कि हम भारत के खिलाफ कभी भी कोई शत्रुतापूर्ण कार्रवाई शुरू नहीं करेंगे। लेकिन अगर हम पर हमला होता है तो हम जवाब देंगे। अगर भारत

नरम रुख अपनाता है तो हम निश्चित रूप से इस तनाव को खत्म करेंगे।'' बातचीत की संभावना को लेकर मंत्री ने कहा कि उन्हें ऐसी किसी संभावित बातचीत के बारे में जानकारी नहीं है। भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले के दो सप्ताह बाद सख्त जवाबी कार्रवाई करते हुए मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किये, जिनमें आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ भी शामिल हैं।

पाकिस्तान ने तनाव बढ़ाया तो मिलेगा करारा जवाब : डोभाल

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): एनएसए अजीत डोभाल ने बुधवार को विभिन्न देशों के अपने समकक्षों से कहा कि भारत का तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर पाकिस्तान ऐसा करता है तो वह 'दृढ़ता से जवाबी कार्रवाई' करने के लिए तैयार है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

डोभाल ने अमेरिका, ब्रिटेन, सऊदी अरब और जापान में अपने समकक्षों को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचे के खिलाफ भारत के मिसाइल हमलों के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों

ने बताया कि डोभाल ने रूस और फ्रांस से भी संपर्क किया।

एक अधिकारी ने बताया, "एनएसए ने अपने समकक्षों को भारत की कार्रवाई और हमले के तरीके के बारे में जानकारी दी, जो कि सटीक, गैर-उकसावे वाला और संयमित था। उन्होंने (डोभाल ने) इस बात पर जोर दिया कि भारत का तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर पाकिस्तान ऐसा फैसला करता है, तो वह दृढ़ता से जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

भारत द्वारा नौ स्थानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाए जाने के तुरंत बाद यह बातचीत हुई। डोभाल ने अमेरिकी एनएसए व विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ब्रिटेन के जोनाथन पॉवेल, सऊदी अरब के मुसैद अल ऐबन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एचएच शेख तहनून और जापान के मसाताका ओकानो से बात की।

भारतीय सेना पर गर्व : कांग्रेस

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): कांग्रेस की कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर भारत द्वारा किए गए मिसाइल हमले को लेकर बुधवार को चर्चा की और सशस्त्र बलों के प्रति समर्थन जताया। बैठक के बाद पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों पर हम गर्व करते हैं, जिन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई

करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है। हम अपने जांबाज सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दिन से ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने साफ़ तौर पर सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था। कहा, पाकिस्तान और पीओके से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के सभी रूपों के विरुद्ध भारत की राष्ट्रीय नीति बहुत स्पष्ट और अडिग है।

NPCI | ALWAYS FORWARD

BHIM
BHARAT INTERFACE FOR MONEY

घर के छोटे बिल, सिर्फ बड़े क्यों पे करें?

BHIM ऐप पे **आसानी से** कीजिये कोई भी **बिल पेमेंट।**



50 रुपये तक का कैशबैक* पाएं

बिजली, गैस, क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान, डीटीएच और फास्टैग रिचार्ज पर

यह ऑफर चुनिंदा ग्राहकों के लिए May 1, 2025 - May 31, 2025 तक उपलब्ध है

GET IT ON Google Play | Download on the App Store

DOWNLOAD NOW

*अन्य नियम व शर्तें लागू। अधिक जानकारी के लिए, https://www.bhimupi.org.in/offers पर जाएं

भारत का अपना — पेमेंट्स ऐप

#PaisonKiKadar

पंजाब केसरी | दिल्ली, गुरुवार | 8.05.2025

नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपद्री मुर्मू को ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारियां और देश के ताजा सैन्य हालातों के बारे में जानकारी देते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। (छाया : एएनआई)

लखनऊ में सिविल डिफेंस के मॉक ड्रिल के दौरान लगी आग को बुझाते सिविल डिफेंस के कार्यकर्ता। अंतिम चित्र में मुंबई में राष्ट्रव्यापी मॉक ड्रिल के दौरान बारिश के बीच अभ्यास करते अग्निशमन सेवा के कर्मी।

राष्ट्रपति मुर्मू से मिले पीएम मोदी

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। इस अभियान में भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। बुधवार की सुबह शुरू किया गया यह अभियान भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया गया। बीती रात 1.05 बजे से 1.30 बजे के बीच 24 मिसाइलों से नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया गया, जिनमें मुरीदके स्थित लश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय और बहावलपुर स्थित प्रमुख प्रतिष्ठान शामिल थे, ये वे स्थान हैं, जिन्हें आतंकवादी गतिविधियों का केंद्र माना जाता है।

सर्वदलीय बैठक आज

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद केंद्र सरकार ने 8 मई को सुबह 11 बजे एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सहित वरिष्ठ मंत्री सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। बैठक का एजेंडा विपक्षी नेताओं को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी देने और राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों पर भविष्य की कार्रवाई पर चर्चा करने पर केंद्रित है।

वहीं, बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी दी और भारतीय सेना की बहादुरी की जमकर सराहना की। कैबिनेट मंत्रियों ने इस सफल अभियान के लिए पीएम मोदी को बधाई दी और उनके नेतृत्व में पूर्ण विश्वास जताया।

पाकिस्तान की फायरिंग में 15 नागरिकों की मौत, 60 घायल

जम्मू/श्रीनगर, (पंजाब केसरी) पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास स्थित गांवों को निशाना बनाकर भारी गोलाबारी की, जिसमें चार बच्चों सहित कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 57 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह गोलाबारी भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए जाने के तुरंत बाद हुई। अधिकारियों ने बताया कि सभी नागरिकों की मौत गोलाबारी से सबसे अधिक प्रभावित पुंछ जिले में हुई है। उन्होंने बताया कि 42 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान की अंधाधुंध गोलाबारी से सीमावर्ती निवासियों में दहशत फैल गई और उन्हें भूमिगत बंकरों में शरण लेने या अपने गांवों के भीतर या बाहर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने बताया कि पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास बालाकोट, मेंढर, मनकोट, कृष्णा घाटी, गुलपुर, केरनी और यहां तक कि पुंछ जिला मुख्यालय से भी गोलाबारी की खबर है, जिसके परिणामस्वरूप दर्जनों आवासीय मकानों और वाहनों को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने मृतकों की पहचान बलविंदर कौर उर्फ रूबी (33), मोहम्मद ज़ैन खान (10), उसकी बड़ी बहन जोया खान (12), मोहम्मद अकरम (40), अमरीक सिंह (55), मोहम्मद इकबाल (45), रणजीत सिंह (48), शकीला बी (40), अमरजीत सिंह (47), मरियम खातून (7), विहान भार्गव (13) और मोहम्मद रफी (40) के रूप में की गई है।

शाह का निर्देश : सोशल मीडिया पर नजर रखें

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान और नेपाल की सीमा से लगे राज्यों से सोशल और अन्य मीडिया मंचों पर अवांछित तत्वों द्वारा शुरू किए गए राष्ट्र विरोधी दुष्प्रचार पर कड़ी निगरानी रखने को बुधवार को कहा। ऐसे राज्यों के मुख्यमंत्रियों, पुलिस महानिदेशकों और मुख्य सचिवों के साथ बैठक में शाह ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए, जबकि अस्पतालों और अग्निशमन विभाग के सुचारू संचालन तथा आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। राज्यों से जनता के बीच अनावश्यक भय फैलने से रोकने और अफवाहों के खिलाफ लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए कदम उठाने का आग्रह करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि स्थानीय प्रशासन, सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच समन्वय को और बढ़ाया जाना चाहिए। गृह मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, गृह मंत्री ने कहा कि सोशल एवं अन्य मीडिया मंचों पर अवांछित तत्वों द्वारा राष्ट्र विरोधी दुष्प्रचार पर कड़ी नजर रखी जानी चाहिए तथा राज्य सरकारों एवं केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय करके उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने राज्यों से कहा कि वे किसी भी स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ, नागरिक सुरक्षा, होमगार्ड और एनसीसी सहित अन्य को अलर्ट पर रखें तथा मॉक ड्रिल के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अपनी तैयारी करें। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई जिसमें जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के उपराज्यपालों, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान, गुजरात और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया।

ये कार्रवाई रुकनी नहीं चाहिए: हिमांशी

चंडीगढ़,(पंजाब केसरी): पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए करनाल के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए, इसे जरूरी कार्रवाई बताया है। रोते हुए हिमांशी ने कहा कि मेरे पति ने इसलिए सेना ज्वाइन की थी कि देश में शांति हो और आतंकियों का खात्मा किया जा सके।

शुभम को मिली असली श्रद्धांजलि : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में जान गंवाने वाले शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या ने भारत की सेना के एक्शन पर कहा कि मैं अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं बहुत छोटी हूं। मैं ज्यादा क्या कह सकती हूं। हमारे पूरे परिवार को पीएम मोदी पर भरोसा था। उन्होंने आज उसी तरह से जवाब देकर विश्वास को कायम रखा है। शुभम को असली श्रद्धांजलि है। वह जहां भी होंगे आज थोड़ी शांति में होंगे।

'ऑपरेशन सिंदूर' जय हिन्द की सेना: सैनी

चण्डीगढ़, ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा, "जय हिन्द की सेना। " श्री सैनी ने सोशल मीडिया 'एक्स" पर 'ऑपरेशन सिंदूर" लिखी तस्वीर के साथ ट्वीट कर कहा, " जय हिन्द की सेना! भारत माता की जय! "

छत्तीसगढ़ के बस्तर में 22 नक्सली ढेर

- **करेगुट्टा की पहाड़ियों में नक्सली लगभग एक माह का राशन लेकर अपने ठिकानों में छिपे हुए थे**

रायपुर, (पंजाब केसरी/आशीष शर्मा): छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच एनकाउंटर जारी है। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर करेगुट्टा की पहाड़ियों में एक पखवाड़े से चल रहे ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने लगभग 22 माओवादियों को ढेर कर दिया है। बीते 7 मार्च की दरयानी रात जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक किया। ठीक उसी दौरान बस्तर की पहाड़ियों पर सुरक्षा बलों ने नक्सलियों पर चौतरफा हमले किए। सुरक्षा बलों ने अब तक 22 नक्सलियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि यहां बड़ी तादाद में नक्सली छिपे हुए हैं। इनमें से लगातार नक्सलियों को घेरकर ढेर किया जा रहा है। माना जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों की तादाद इससे ज्यादा हो सकती है। दरअसल, तेलंगाना छत्तीसगढ़ की सीमा पर करेगुट्टा की पहाड़ियों में नक्सली लगभग एक माह का राशन लेकर अपने ठिकानों में छिपे हुए थे। सूत्र दावा करते हैं कि इस पहाड़ी में बड़ी तादाद में नक्सली नेता मौजूद है। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के इन टॉप लीडर्स को टारगेट किया है। बताया जा रहा है की सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र में लगभग दो से तीन पहाड़ियों पर कब्जा भी कर लिया है। ऑपरेशन से पहले यहां वायु सेना के हेलीकॉप्टर से सर्चिंग की गई थी। वहीं नक्सलियों के ठिकाने को टारगेट में लिया गया था। अब यहां नक्सली बैकफुट पर आ गए हैं। देश और छत्तीसगढ़ के इतिहास में नक्सलियों के खिलाफ इतना लंबा ऑपरेशन पहली बार चला है। इसमें सुरक्षा बलों को सफलता मिली है। केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ से मार्च 2026 तक नक्सलवाद वार्ड को खत्म करने का लक्ष्य तय किया है। राज्य में जवान इसी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सुरक्षा बलों को राज्य सरकार ने भी फ्री हैंड दिया है। इसके बाद लगातार आक्रमण कर नक्सलियों को मार गिरा रहे हैं। लगभग डेढ़ वर्ष में ही प्रदेश में 350 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं। इनमें कई खूंखार नक्सली लीडर्स शामिल है। इन पर लाखों रुपए का इनाम घोषित था। माना जा रहा है कि ऑपरेशन के दौरान पहाड़ियों में मारे गए नक्सली भी बेहद खूंखार और इनामी थे।पुलिस का मानना है कि अभी ऑपरेशन खत्म होने में कुछ दिन और लग सकता है। जब तक सभी पहाड़ियों में सुरक्षा बलों का कब्जा ना हो जाए तब तक ऑपरेशन चलता रहेगा। अब नक्सलियों के पास आत्म समर्पण करने या एनकाउंटर का ही विकल्प बच गया है।

ऑपरेशन सिंदूर : उसी दिन ही लिख दी थी पटकथा जिस दिन मोदी ने खाई थी कसम

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी)। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए हमले का बदला भारतीय सेना ने ले लिया है। भारतीय सेना ने देर रात 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान स्थित 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। सेना की इस कार्रवाई की पटकथा उसी दिन लिख दी गई थी, जब प्रधानमंत्री मोदी ने कसम खाई थी कि आतंकियों को मिट्टी में मिला देंगे।22 अप्रैल से 7 मई के बीच भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए ऐसा बहुत कुछ किया जिसने जता दिया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करता है। आतंकी हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) की एक आपात बैठक में पाकिस्तान उच्चायोग को बंद करने और सिंधु जल समझौता खत्म करने की घोषणा की गई थी। साथ ही अटारी एकीकृत चेक पोस्ट को तत्काल प्रभाव से बंद करने और सार्क वीजा छूट योजना (एसवीईएस) के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं देने का निर्णय लिया गया था। साथ ही भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने का आदेश जारी किया गया था। आतंकी हमले के दो दिन बाद यानी 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मधुबनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आतंकियों को मिट्टी में मिलाने की कसम खाई थी। पीएम मोदी ने कहा था, बिहार की धरती से मैं पूरी दुनिया से कहता हूं, भारत हर आतंकवादी और उसके सरगना की पहचान करेगा, उसे खोजेगा और उसे सजा देगा। हम उन्हें धरती के कोने-कोने तक खदेड़ेंगे। आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। आतंकवाद को सजा मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

पाकिस्तान ने सेना को दिया एक्शन का अधिकार पंजाब में इमरजेंसी

इस्लामाबाद, (एजेंसी): पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने बुधवार को कहा कि देश के सशस्त्र बलों को भारतीय सैन्य हमलों में निर्दोष पाकिस्तानी लोगों की मौत का बदला लेने के लिए ''अपनी पसंद के समय, स्थान और तरीके से'' जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार दिया गया है।

पाकिस्तान सरकार ने कहा कि हालात को देखते हुए पंजाब में इमरजेंसी लगाई जा रही है क्योंकि भारत ने पंजाब के कई इलाकों में फायरिंग की है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि पंजाब प्रांत और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के शहरों पर आधी रात के बाद किए गए मिसाइल हमलों और नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी में 31 लोग मारे गए और 57 अन्य घायल हो गए।

हाईकोर्ट ने पंजाब को भाखड़ा नांगल बांध के कामकाज में 'हस्तक्षेप' करने से रोका

चंडीगढ़, (पंजाब केसरी): पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंजाब सरकार तथा पुलिस सहित इसके विभागों को भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड द्वारा प्रबंधित भाखड़ा-नांगल बांध और लोहंद नियंत्रण कक्ष जल विनियमन कार्यालयों के दैनिक कामकाज, संचालन और नियमन में ''हस्तक्षेप'' करने से रोक दिया है। मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायमूर्ति सुमित गोयल की पीठ ने छह मई को कहा कि पंजाब हालांकि भाखड़ा नांगल बांध और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के कर्मियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए स्वतंत्र है। अदालत ने आदेश दिया, ''पंजाब राज्य और पुलिसकर्मियों सहित इसके किसी भी अधिकारी को बीबीएमबी द्वारा प्रबंधित भाखड़ा-नांगल बांध और लोहंद नियंत्रण कक्ष जल विनियमन कार्यालयों के दैनिक कामकाज, संचालन और विनियमन में हस्तक्षेप करने से रोका जाता है।'' पीठ ने पंजाब को केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में दो मई को आयोजित बैठक के निर्णय का पालन करने का निर्देश दिया। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की थी, जिसमें राज्य की तत्काल जल समस्या से निपटने के लिए भाखड़ा बांध से हरियाणा को अगले आठ दिन के लिए 4,500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ने के बीबीएमबी के निर्णय को क्रियान्वित करने की सलाह दी गई। अदालत ने कहा कि यदि पंजाब ''भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड द्वारा लिए गए किसी निर्णय से सहमत नहीं है, तो वह बीबीएमबी के अध्यक्ष के माध्यम से केंद्र सरकार को अभ्यावेदन देकर 1974 के नियम 7 के स्पष्टीकरण-2 को लागू करने के लिए स्वतंत्र है, जिस पर केंद्र सरकार द्वारा शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।'' बीबीएमबी ने नांगल बांध पर पंजाब पुलिसकर्मियों की तैनाती पर आपत्ति जताते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था तथा इसे असंवैधानिक और अवैध बताया था।

सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद को एक साल का सेवा विस्तार

नई दिल्ली, (भाषा) केंद्र ने बुधवार को सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया। सूद ने 25 मई, 2023 को दो साल के कार्यकाल के लिए सीबीआई निदेशक का पदभार संभाला था।अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति की सोमवार को हुई बैठक में सूद के कार्यकाल को बढ़ाने का फैसला लिया गया। इस समिति में भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल थे। चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर नियुक्ति संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति (एसीसी) ने 24 मई से एक वर्ष के लिए सूद के कार्यकाल विस्तार को मंजूरी दी।सूद कर्नाटक कैडर के 1986 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं। जब उन्हें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का निदेशक नियुक्त किया गया था, तब वह कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के पद पर तैनात थे। वर्ष 1964 में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में जन्मे सूद भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से सिविल इंजीनियरिंग पूरी करने के बाद 22 वर्ष की आयु में आईपीएस अधिकारी बन गए थे।

केंद्र सरकार ने जम्मू समेत 5 नए आईआईटी के विस्तार को दी मंजूरी

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर (आईआईटी जम्मू) ,आंध्र प्रदेश (आईआईटी तिरुपति), केरल (आईआईटी पलक्कड़), छत्तीसगढ़ (आईआईटी भिलाई) और कर्नाटक (आईआईटी धारवाड़) राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थापित पांच नए आईआईटी की शैक्षणिक और अवसंरचना क्षमता (चरण-बी निर्माण) के विस्तार को मंजूरी दे दी। इसकी कुल लागत 11,828.79 करोड़ रुपए होगी। मंत्रिमंडल ने इन आईआईटी में 130 संकाय पदों (प्रोफेसर स्तर यानी लेवल 14 और उससे ऊपर) के सृजन को भी स्वीकृति दी है। एक बयान में बताया गया कि अकादमिक संबंधों को मजबूत करने के लिए पांच नए अत्याधुनिक अनुसंधान पार्क भी बनाए जा रहे हैं। अगले चार वर्षों में इन आईआईटी में विद्यार्थियों की संख्या 6,500 से अधिक बढ़ जाएगी।

जिसमें स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) और पीएचडी कार्यक्रम में प्रथम वर्ष में 1,364 विद्यार्थी, द्वितीय वर्ष में 1,738 विद्यार्थी, तृतीय वर्ष में 1,767 विद्यार्थी और चतुर्थ वर्ष में 1,707 स्टूडेंट बढ़ेंगे। निर्माण पूरा होने पर पांचों आईआईटी 7,111 की वर्तमान विद्यार्थी संख्या की तुलना में 13,687 विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने में सक्षम होंगे यानी 6,576 विद्यार्थियों की वृद्धि होगी।

सीसीईए ने 'शक्ति योजना' को मंजूरी दी

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विद्युत क्षेत्र को कोयला आवंटन के लिए भारत में पारदर्शी तरीके से कोयला दोहन व आवंटन की संशोधित योजना (शक्ति) को मंजूरी दे दी, ताकि उन्हें दीर्घकालिक तथा अल्पकालिक कोयला आवश्यकता को पूरा करने में मदद मिल सके। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 'लिंकेज" प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से यह मंजूरी दी।

ड्राइवर चाहिए

वजीरपुर, दिल्ली स्थित कार्यालय के लिए ड्राइवरों की आवश्यकता है, जिन्हें सभी प्रकार की गाड़ियां चलाने का अनुभव हो।

संपर्क करें

फोन नंबर- 9310206323,9310739099,9711128325

फोन करें - 10:00 AM to 5:00 PM

12 राशियां और आपका दिन

premastrologer premastrologer premastrologer askpremastrologer

गुरुवार 8 मई 2025

आज का राशिफल

Forecast for 8 May, 2025
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026

मेष ARIES (21 मार्च- 20 अप्रैल)
सावधानी बरतने से इन्फेक्शन से बचे रहेंगे। लोन लेने से पहले नियम और शर्तें अच्छे से समझ लें। अपनी परफॉर्मेंस से सीनियर्स को इंप्रेस करेंगे। ट्रैवल के दौरान खूबसूरत नजारों का आनंद लेंगे। **लकी नंबर- 17, लकी कलर- व्हाइट**

वृषभ TAURUS (21 अप्रैल- 20 मई)
अचानक किसी काम में पैसा खर्च हो सकता है। मुश्किल टास्क पूरा करने के लिए फोकस के साथ काम करें। माता-पिता और बच्चों के बीच बॉन्ड मजबूत होंगे।
लकी नंबर- 11, लकी कलर- ऑरेंज

मिथुन GEMINI (21 मई- 21 जून)
कजिन के साथ अचानक कुछ मजेदार प्लान बन सकता है। आपका बिजनेस आइडिया इन्वेस्टर्स को आकर्षित करेगा। योग्य युवा लाइफ पार्टनर की तलाश शुरू कर सकते हैं।
लकी नंबर- 9, लकी कलर- मैरून

कर्क CANCER (22 जून- 22 जुलाई)
स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन थकावट महसूस हो सकती है। मुश्किल समय के लिए सेविंग्स करना शुरू कर दें। वर्कप्लेस पर नई जिम्मेदारी आपको सौंपी जा सकती है।
लकी नंबर- 3, लकी कलर- येलो

सिंह LEO (23 जुलाई- 23 अगस्त)
वजन कम करने के लिए एरोबिक्स क्लास जॉइन करें। लोन से संबंधित सभी डॉक्यूमेंट्स संभालकर रखें। ऑफिस में सहकर्मियों के साथ कम्यूनिकेशन बढ़ाएं।
लकी नंबर- 22, लकी कलर- डार्क ब्लू

कन्या VIRGO (24 अगस्त- 23 सितंबर)
नई स्ट्रेटेजी अपनाने से लॉन्ग-टर्म में सफलता अवश्य मिलेगी। खराब मौसम के कारण मूड चिड़चिड़ा हो सकता है। नया वाहन या महंगी घड़ी खरीदने का योग बन रहा है। परिवार के सदस्यों पर शक न करें, भरोसा बनाए रखें।
लकी नंबर- 8, लकी कलर- लाइट ग्र

तुला LIBRA (24 सितंबर- 23 अक्टूबर)
जरूरत से अधिक एक्सरसाइज नुकसानदेय हो सकती है। बोनस मिलने से बैंक बैलेंस में बढ़ोतरी होगी। एनिमेशन एंड गेमिंग फील्ड में करियर बनाने पर विचार करें।
लकी नंबर- 6, लकी कलर- लाइट ग्रीन

वृश्चिक SCORPIO (24 अक्टूबर-22 नवंबर)
सिक्योर प्लेटफॉर्म के जरिए ही ऑनलाइन ट्रांसफर करें। ऑफिस में आज का दिन थोड़ा बोरियत भरा रहेगा। छोटे भाई-बहन को गुस्सा कंट्रोल करने के बारे में सिखाएं।
लकी नंबर- 18, लकी कलर- मैरून

धनु SAGITTARIUS (23 नवंबर- 21 दिसंबर)
मेंटल फिटनेस पर ध्यान देने से फोकस पावर बढ़ेगी। अचानक किसी धनलाभ के कारण आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। स्किल्स को इंप्रूव करने से करियर ग्रोथ के अवसर खुलेंगे।
लकी नंबर- 7, लकी कलर- रॉयल ब्लू

मकर CAPRICORN (22 दिसंबर-21 जनवरी)
फ्रेश और हेल्दी मील लेने से एनर्जेटिक फील करेंगे। फाइनेंशियल प्लानिंग करने से आर्थिक समस्या नहीं होगी। रेगुलर इनकम के लिए प्रॉपर्टी रेंट पर दे सकते हैं।
लकी नंबर- 5, लकी कलर- बेज

कुंभ AQUARIUS (22 जनवरी- 19 फरवरी)
स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करने से फ्लेक्सिबिलिटी बेहतर होगी। शानदार परफॉर्मेंस के कारण प्रमोशन मिलने की संभावना है। पारिवारिक चर्चा के बीच आप भी अपनी राय दें। न्यूली मैरिड कपल्स एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझेंगे।
लकी नंबर- 1, लकी कलर- रेड

मीन PISCES (20 फरवरी- 20 मार्च)
जरूरी टास्क डेडलाइन से पहले अवश्य पूरा कर लें। परिवार के बुजुर्ग सदस्यों की बात का सम्मान करें। साथी से किए वादे हर हालत में पूरे करने की कोशिश करें। हर्बल सप्लीमेंट्स लेने से इम्यूनिटी बूस्ट होगी।
लकी नंबर- 2, लकी कलर- गोल्डन

पंजाब केसरी | दिल्ली, गुरुवार | 8.05.2025

दिल्ली के 11 जिलों में 50 स्थानों पर एक साथ हुई मॉक ड्रिल

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच बुधवार शाम राजधानी दिल्ली में हाई अलर्ट के तहत सुरक्षा तैयारियों को परखने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। दोपहर 4 बजे दिल्ली के सभी 11 जिलों में करीब 50 स्थानों पर एक साथ यह अभ्यास शुरू हुआ, जिसका उद्देश्य संभावित आतंकी हमले या अन्य आपात स्थितियों में जानमाल की सुरक्षा के तरीकों को परखना और लोगों को जागरूक करना था। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) और नगर निगम मुख्यालयों समेत छह प्रमुख स्थलों खान मार्केट, पालिका केंद्र, चरक पालिका अस्पताल, वसंत विहार डी-6 कॉलोनी, आईजीआई एयरपोर्ट टर्मिनल और दिल्ली कैंट पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी जगहों पर विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। जैसे ही घड़ी ने 4 बजाए, सायरनों की तेज आवाज गूंजी और राहत-बचाव दल हरकत में आ गए। सिविल डिफेंस, दिल्ली फायर सर्विस, दिल्ली पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें तुरंत घटना स्थलों पर पहुंचीं और लोगों को सुरक्षित निकालने का अभ्यास किया। ऊपरी मंजिलों पर फंसे लोगों को फायर ब्रिगेड की क्रेनों की मदद से नीचे लाया गया, जबकि आग बुझाने के लिए पानी की बौछारों का भी प्रदर्शन किया गया। जिला अधिकारियों की मौजूदगी में यह अभ्यास गंभीरता और तत्परता के साथ किया गया।

खान मार्केट...

मयूर विहार फेस-3 स्कूल

फोटो : अमित श्रीवास्तव/दयाशंकर/नीरज

स्कूल में हुई मॉक ड्रिल, बजा अलार्म

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): मयूर विहार फेस-3, दिल्ली स्थित विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सुबह 10:30 स्कूल में इमरजेंसी अलार्म बजाया गया जिसके बाद सभी कक्षाओं में छात्र-छात्राएं बेंच के नीचे जाकर छुपे। अध्यापिकाओं द्वारा सभी छात्रों को इमरजेंसी गाइड लाइंस भी बताई गई। अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सतवीर शर्मा ने सभी छात्राओं को मॉक ड्रिल की महत्वता के बारे में बताया।

वेगास मॉल, द्वारका

साकेत मॉल में भी हुआ अभ्यास

दक्षिण दिल्ली के साकेत मॉल में भी इसी क्रम में मॉक ड्रिल आयोजित की गई। सुरक्षा अलार्म बजते ही दिल्ली पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, एंबुलेंस, सिविल डिफेंस और फायर सर्विस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। इस दौरान एसडीएम और एडिशनल डीसीपी अचिन गर्ग समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास समय-समय पर आवश्यक हैं ताकि आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

सफदरजंग अस्पताल आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार

वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल (वीएमएमसी एंड एसजेएच) प्रशासन ने बताया कि वह किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि उनकी आपदा प्रबंधन समिति हर प्रकार की आपदा या संकट के समय तत्परता से कार्रवाई के लिए सुसज्जित है। प्रशासन के अनुसार आपातकालीन स्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए अस्पताल में व्यापक प्रोटोकॉल और पर्याप्त संसाधन मौजूद हैं। अधिकारियों का कहना है कि अस्पताल की टीमों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है ताकि किसी भी संकट की स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान की जा सके। अस्पताल ने आम जनता को आश्वस्त किया है कि संकट की घड़ी में चिकित्सा सहायता में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

लोगों को शांत रहने का कराया अभ्यास

टाउन हॉल के पास चांदनी चौक में निकासी अभ्यास शुरू होते ही बाजार क्षेत्र में सायरन बजने लगे, जिससे लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। बचाव कार्य शुरू करने का संकेत देते हुए दूसरा सायरन बजाया गया। इस दौरान स्वयं सेवकों को घायलों को बचाने जबकि लोगों से शांत रहने और घायलों की मदद करने का अभ्यास कराया गया। दिल्ली अग्नि सेवा की क्रेन का इस्तेमाल ऊंची इमारतों तक पहुंचने और फंसे हुए लोगों को निकालने को दर्शाया गया।

बाराखंबा एसएचओ महाबीर सिंह अपनी टीम के साथ वाहनों की जांच करते हुए।

आरएमएल अस्पताल

स्कूल

आईजीआई एयरपोर्ट

मेट्रो स्टेशन


फोटो : मिहिर सिंह

8 बजे से पहले

8 से 8.15 तक

ब्लैक आउट में ब्लर दिखी नई दिल्ली

15 मिनट भी नहीं हो पाया ठीक से आदेश का पालन...

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच केंद्र सरकार ने 7 मई यानी बुधवार रात 8:00 से 8:15 तक राष्ट्रव्यापी ब्लैक आउट का आदेश जारी किया था। इसका उद्देश्य संभावित हवाई हमलों की तैयारी और नागरिक सुरक्षा की एक अभ्यास प्रक्रिया था, लेकिन दिल्ली का सबसे संवेदनशील और वीआईपी इलाका नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) क्षेत्र जहां राष्ट्रपति भवन से लेकर प्रधानमंत्री आवास और कई संवेदनशील इमारतें आती हैं, वहां ये ब्लैकआउट एक 'ब्लर' शो बनकर रह गया। देश के बाकी हिस्से जब अंधेरे में सामूहिक रूप से एकजुट होकर सुरक्षा अभ्यास में हिस्सा ले रहे थे, तब एनडीएमसी इलाके में अजीबो-गरीब स्थिति देखने को मिली। कई इमारतों में लाइट्स पूरी तरह बंद नहीं थीं, न सिर्फ कुछ जगहों पर लाइटें टिमटिमा रही थीं, बल्कि कई दफ्तर लाइन से रोशन दिखे। ऐसे में रह रहकर सवाल उठ रहा है कि आखिर क्यों देश में गृह मंत्रालय से जारी एडवाजरी के बावजूद एनडीएमसी इलाके में इसका सख्ती से पालन नहीं कराया गया। नई दिल्ली जिले की बात करें तो दिल्ली पुलिस ने ब्लैक आउट को सफल बनाने के लिए जमीनी स्तर पर बखूबी काम किया, लेकिन एनडीएमसी जैसे वीवीआईपी और अति-संवेदनशील क्षेत्र की ढिलाई से पूरे अभ्यास की साख पर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार ने पहले से ही सभी नगर निकायों को स्पष्ट निर्देश जारी किए थे, लेकिन एनडीएमसी अधिकारियों ने सिर्फ 'ब्लैक आउट की प्रक्रिया जारी है।' इस 'ब्लर' ब्लैक आउट ने यह साबित कर दिया की राष्ट्रहित के मसले पर गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाया गया है। अब देखने वाली बात यह है कि पूरे एरिया में ब्लैक आउट क्यों नहीं हो सका, इसके लिए किसी अधिकारी या जिम्मेदार व्यक्ति की जवाबदेही तय होगी और क्या कनाट प्लेस एरिया में जिन इमारतों में लाइट आदेश के बावजूद बंद नहीं मिलीं, उन पर कोई कार्रवाई होगी।

पंजाब केसरी क्लासीफाइड

आवश्यकता

आवश्यकता है एक कुशल इलैक्ट्रीशियन (Delite Cinema में) ITI पास जिसके पास Wireman का Licence हो, जिसे अपने कार्य का 8 वर्ष का अनुभव हो, आयु 40 वर्ष से अधिक, दिल्ली वाले को प्राथमिकता, व्यक्तिगत सम्पर्क करें 09-May-2025 (शुक्रवार) प्रात:11बजे:-Delite Cinema, Asafali Road, Daryaganj, New Delhi.
1269534

चाहिए ड्राइवर तजुर्बा 15 साल, फौजी को प्राथमिकता (रहना फ्री), ऑफिस चपरासी, चौकीदार/ घरेलू नौकर, नौकरानी रहना-खाना मुफ्त पिंकी ट्रैवेल्स वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया # 9868116524.
1269407

आवश्यकता है स्वर्ण पार्क, मुंडका में इनवर्टर फैक्ट्री के लिए इंजीनियर, वायरमैन, ट्रांसफार्मर वाइनडर, फिटर, हैल्पर की। संपर्क करें-9212532381, 9115707310.
1269609

नट बोल्ट की दुकान हेतु सीखें / मेहनती लड़कों की आवश्यकता है वेतन कम से कम 18000/-, सम्पर्क करें: WH-11-12, मायापुरी फेस-1# 8860021379, 9810541503.
1269610

पोल्ट्री

एनईसीसी दिल्ली क्षेत्र में आज (08.05.2025) के लिए सुझाया गया फार्म-गेट अण्डे का रेट ₹ 510/- रुपये प्रति 100 अण्डे (व्यापार और उद्योग की जानकारी के लिए) है।
1269276

चिकित्सा

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स समस्याऐं
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मैन रोहतक रोड, मुतोवाली गली, नांग्लोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909

नाम परिवर्तन

I, Amit Goel S/o Hari Narain Goyal R/o 4579-A, 13, Jai Mata Market, Tri Nagar, Delhi-110035 have changed my name to Amit Goyal for all future purposes.
1269585

I, Manju Devi W/o Sh. Mahendra Prasad R/o opposite M.I.G. Flats 302 T-Huts, Block-K, Jahangir Puri, Delhi-110033, declare That I have changed my name from Radha Devi to Manju Devi for all future purposes.
1269587

04	35-2025-26	डीइएन (डब्ल्यू) क्षेत्राधिकार के अंतर्गत समूह कार्य: 1.) भावनगर मंडल के स्वीकृत कार्य के विरुद्धप्रमुख एवं महत्वपूर्ण पुलों पर टीआरआर (पी) 13.802 टीकेएमः- प्रमुख एवं महत्वपूर्ण पुलों पर टीआरआर (पी) 20.808 टीकेएम। 2.) जेतलसर जं. सोमनाथ-टीएसआर (पी) -1.524 टीकेएम	2,31,84.247.67	2,65,900.00
05	36-2025-26	एडीईएन जेतलसर क्षेत्राधिकारः सबवे/एलएचएस/एलसी साइट के आसपास के क्षेत्र मेंबारिश के पानी/कीचड़/कीचड़ को बाहर निकालने के लिए डीजल पंपों को संलग्न सूची केअनुसार किराये पर लेना (24 महीने)	75,95,675.52	1,51,900.00

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए: बिडिंग प्रारंभ होने की तिथि: 15/05/2025; **बिडिंग समापन की तिथि:** 29/05/2025; अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** पर लॉग इन करें.

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें: x.com/WesternRly BVP-021

HARERA GURUGRAM

सार्वजनिक सूचना

गुरुग्राम के सेक्टर 63ए में स्थित रियल एस्टेट परियोजना **"सिग्नेचर ग्लोबल सिटी 63ए (1)"** के आवंटियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों के ध्यानार्थ, मेसर्स सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा विकसित किया जा रहा है। जिसे पहले **मेसर्स सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड** के नाम से जाना जाता था।

1. उपरोक्त परियोजना को हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम द्वारा पंजीकरण संख्या 56 ऑफ 2022 दिनांक 27.06.2022 के अंतर्गत पंजीकृत किया गया था, जिसकी वैधता 28.02.2025 तक है।
2. प्रमोटर ने प्राधिकरण से अनुरोध किया है कि अधिनियम, 2016 की धारा 6 के अंतर्गत परियोजना पूर्ण करने हेतु पंजीकरण की अवधि में विस्तार प्रदान किया जाए।
3. प्रमोटर कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 18 के अंतर्गत निजी लिमिटेड से सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित किया गया है, जिसके अंतर्गत दिनांक 10.03.2022 को रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज द्वारा कंपनी का समावेशन प्रमाण पत्र जारी किया गया। अब कंपनी का नाम एम/एस सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड से एम/एस सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड हो गया है।
4. प्राधिकरण अब प्रमोटर के आवेदन पर विचार कर रहा है ताकि उसे अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत पंजीकरण को निरंतर संचालन की अनुमति दी जा सके। इस संबंध में सामान्य जन से आपत्तियाँ आमंत्रित की जाती हैं।
5. आपत्तियाँ 23.05.2025 से पूर्व प्राधिकरण की रजिस्ट्री में दायर की जानी चाहिए और आगे की कार्यवाही हेतु 26.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होना होगा। यदि इस निर्धारित समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो प्राधिकरण अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत प्रस्तुत आवेदन पर विचार कर उसे स्वीकार कर सकता है।

दिनांक: 08.05.2025
सचिव, हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम

HARERA GURUGRAM

सार्वजनिक सूचना

गुरुग्राम के सेक्टर 63ए में स्थित रियल एस्टेट परियोजना **"सिग्नेचर ग्लोबल सिटी 63ए"** के आवंटियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों के ध्यानार्थ, मेसर्स सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा विकसित किया जा रहा है। जिसे पहले **मेसर्स सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड** के नाम से जाना जाता था।

1. उपरोक्त परियोजना को रेरा के तहत पंजीकरण संख्या 21 ऑफ 2022 दिनांक 31.03.2022 के माध्यम से पंजीकृत किया गया था, जिसकी वैधता 28.02.2023 तक थी। इस पंजीकरण को आगे विस्तार संख्या 08 ऑफ 2023 दिनांक 17.04.2023 के माध्यम से 27.02.2024 तक बढ़ाया गया था इसके बाद निरंतरता संख्या 07 ऑफ 2024 दिनांक 09.07.2024 के तहत 26.02.2025 तक आगे जारी रखने की अनुमति दी गई।
2. अब, प्रमोटर ने प्राधिकरण से पुनः अनुरोध किया है कि पंजीकरण की अवधि समाप्त होने पर इसे रद्द न किया जाए, बल्कि इसे नए शर्तों और प्रतिबंधों के अधीन वैध बनाए रखा जाए, जैसा कि प्राधिकरण समुचित समझे। ऐसी कोई भी शर्तें प्रमोटर के लिए बाध्यकारी होंगी।
3. प्रमोटर कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 18 के अंतर्गत निजी लिमिटेड से सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित किया गया है, जिसके अंतर्गत दिनांक 10.03.2022 को रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज द्वारा कंपनी का समावेशन प्रमाण पत्र जारी किया गया। अब कंपनी का नाम एम/एस सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड से एम/एस सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड हो गया है।
4. प्राधिकरण अब प्रमोटर के आवेदन पर विचार कर रहा है ताकि उसे अधिनियम की धारा 7(3) के अंतर्गत पंजीकरण प्रमाण-पत्र के निरंतर संचालन की अनुमति दी जा सके। इस संबंध में सामान्य जन से आपत्तियाँ आमंत्रित की जाती हैं।
5. आपत्तियाँ 23.05.2025 से पूर्व प्राधिकरण की रजिस्ट्री में दायर की जानी चाहिए और आगे की कार्यवाही हेतु 26.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होना होगा। यदि इस निर्धारित समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो प्राधिकरण अधिनियम की धारा 7(3) के अंतर्गत प्रस्तुत आवेदन पर विचार कर उसे स्वीकार कर सकता है।

दिनांक: 08.05.2025
सचिव, हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम

बाबा हरिदास नगर में सीवर की खुदाई के दौरान तीन मजदूर मिट्टी में दबे, एक की मौत

पश्चिमी दिल्ली, (पंजाब केसरी): द्वारका डिस्ट्रिक्ट के बाबा हरिदास नगर सुरखपुर इलाके में बुधवार शाम सीवर की खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से तीन मजदूर दब गए। आनन-फानन में जेसीबी की मदद से मिट्टी हटाई गई और तीनों मजदूरों को निकालकर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने एक मजदूर को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक मृतक की पहचान समस्तीपुर, बिहार निवासी पिंटू कुमार (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। पुलिस ने इस बाबत लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ठेकेदार से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस अन्य मजदूरों से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूरख पुर रोड, नवीन प्लेस के सामने गहरे सीवर का काम चल रहा है। यहां करीब 20 फीट गहरा गड्ढा खोदने के बाद पंप सेट करने की तैयारी चल रही है। बुधवार की शाम तीन मजदूर यहां नीचे उतरकर काम कर रह थे। शाम करीब पौने पांच बजे अचानक गड्ढे के किनारे की मिट्टी धंस कर मजदूरों पर गिर गई। तुरंत वहां मौजूद मजदूरों ने जेसीबी की मदद से मिट्टी हटाई और तीनों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों न पिंटू को मृत घोषित कर दिया। उस काफी देर बाद निकला जा सका था। पुलिस ने इस हादसे में घायलों की पहचान मुकेश (22) और विनोद (27) के तौर पर की है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

सीएम रेखा गुप्ता ने किया विधायक तिलकराम के कार्यालय का उद्घाटन

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): त्रिनगर विधानसभा से भाजपा विधायक तिलकराम गुप्ता के हंसा पुरी रोड स्थित कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस दौरान चांदनी चौक के सांसद प्रवीन खंडेलवाल, विधायक तिलकराम गुप्ता, जिला अध्यक्ष विरेंद्र गोयल, महामंत्री अशोक भारद्वाज, अजय खटाना, गीता गुलाटी, निगम पार्षद मोनू गोयल, रवि हंस, कृष्ण बेमाड़, डॉ. राम किशन, सुरेश खारी, मुकेश गांधी सहित मंडल अध्यक्ष व सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि किसी माथे का सिंदूर न मिटने देंगे, मिटाया तो घर में घुसके मार देंगे। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पहलगाम में मारे गए उन बेगुनाह 26 लोगों को श्रद्धांजलि है। मैं देश की वीर सैनिकों और पीएम मोदी के नेतृत्व को नमन करती हूं। इस दौरान सीएम ने 20 बुजुर्गों को वय वंदना कार्ड वितरित किये।

विधायक तिलकराम गुप्ता ने इस मौके पर बताया कि दिल्ली के विभिन्न विधानसभाओं सहित त्रिनगर की क्षेत्रवासियों का मैं धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने भाजपा पर विश्वास कर केजरीवाल सरकार को बाहर का रास्ता दिखाया। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में क्षेत्र की जल, सफाई, सड़कें, अवैध मीट की दुकानों, बगैर लाइसेंस वाले ई-रिक्शा सहित जाम की समस्याओं पर काम किया जाएगा ताकि त्रिनगर की जनता को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े।

जो कहा, वो कर दिखाया

- हाजी शकील सैफी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना को सराहा

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): वर्ल्ड पीस हार्मनी के चेयरमैन हाजी शकील सैफी ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी ढांचों पर भारतीय सेना द्वारा की गई सफल कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना का हार्दिक धन्यवाद और अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा कि "प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा था, वो कर दिखाया। भारत ने आतंक के खिलाफ एक स्पष्ट और सख्त संदेश दिया है कि अब और बर्दाश्त नहीं होगा।" 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना ने 9 आतंकवादी ठिकानों को 24 सटीक मिसाइल हमलों के जरिए नष्ट किया। सरकार के सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई सिर्फ एक सैन्य जवाब नहीं थी, बल्कि भारत के रणनीतिक संकल्प का बयान थी। इन ठिकानों से भारत के खिलाफ हमलों की योजना बनाई और निर्देशित की जा रही थी। इस अभियान की जानकारी देने के लिए भारतीय सरकार की ओर से दो महिला सैन्य अधिकारियों, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने प्रेस को ब्रीफ किया। इस कदम की चारों ओर सराहना हो रही है, क्योंकि यह उन महिलाओं के प्रति संवेदना है जिन्होंने हालिया पहलगाम आतंकी हमले में अपने पति खोए। ऑपरेशन का नाम 'सिंदूर' भी इन्हीं वीरांगनाओं के सम्मान में रखा गया, जिनके माथे का सिंदूर छिन गया। हाजी शकील सैफी ने कहा, "भारत ने संयम के साथ सटीक कार्रवाई की है। पाकिस्तान को एक करारा जवाब दिया गया है, मगर सैन्य प्रतिष्ठानों को नहीं छूकर हमने अपनी परिपक्वता और जिम्मेदारी भी दिखाई है। आतंकवाद को पालने वालों को अब समझ लेना चाहिए कि भारत अब चुप नहीं रहेगा।" उन्होंने आगे कहा कि "प्रधानमंत्री मोदी जी की इच्छाशक्ति और भारतीय सेना के साहस को मैं सलाम करता हूं। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ आतंक के अड्डों पर हमला नहीं, बल्कि दुनिया को दिया गया यह संदेश है कि भारत अपनी रक्षा और शांति के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा।" हाजी शकील सैफी ने महिला सैन्य अधिकारियों द्वारा ब्रीफिंग किए जाने पर भी गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "यह निर्णय अपने आप में ऐतिहासिक और शक्तिशाली है। महिला शक्ति को आगे लाकर भारत ने यह साबित कर दिया कि हम हर मोर्चे पर सक्षम हैं, चाहे वो रणभूमि हो या कूटनीति।" उन्होंने इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि वर्ल्ड पीस हार्मनी संस्था भारत की आतंकवाद विरोधी कार्रवाईयों का पूरी तरह समर्थन करती है। "शांति सिर्फ शब्दों से नहीं, बल्कि निर्णायक कदमों से आती है। ऑपरेशन सिंदूर इसका प्रमाण है।" देशभर में ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना की जा रही है। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भारत ने यह दिखा दिया कि आतंकवाद के खिलाफ उसकी नीति में अब कोई ढील नहीं होगी।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या. 25/18 दिनांकः 06.05.2025

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ. म. रे., प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001: 2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

क्र.सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	निविदा खुलने की तिथि
1	80251195	टेपर रोलर सस्पेंशन बेयरिंग	183 सेट	26-मई-2025
2	80251194	सिलेंडरिकल रोलर बेयरिंग	321 नग	27-मई-2025
3	60255006	इलेक्ट्रिकली ओपरेटेड लिफ्ट	19 नग	04.06.2025

नोटः उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। 781/25 (MG)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

Office of the, Executive Engineer
Electrical Division, HP PWD Una, Tel/Fax: +911975223484, E-mail: ee-eleu-hp@nic.in
Online
INVITATION FOR BIDS (IFB)

The Executive Engineer, Electrical Division HPPWD, Una-174303 on behalf of the Governor of Himachal Pradesh invites the Percentage rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in table:-

Sr. No.	Name of work	Estimated Cost. (In Rs.)	Stating date of Downloading bid	Earnest Money (In Rs.)	Cost of Form (In Rs.)	Deadline for submission of bid	Time limit	Eligibility of Contractor
1	C/o Indoor Multipurpose Sports Complex at Kharidi Ground NadaunDisttHamirpur (HP) (SH:- SITC VRV/VRF System therein).	5,51,70,455/-	09/05/2025 up to 11.00 A.M	11,03,409/-	5,000/-	21/05/2025 up to 11.00 A.M.	Eighteen Months	Specialized Job

The bidders are advised to note other details of tenders from the Department website www.hptenders.gov.in . The Date of Technical bid opening 21/05/2025 at 01.30 P.M.

R.O. No. 0463/2025-2026 Dt. 07.05.2025

-Sd./-, Executive Engineer,
Electrical Division, HPPWD Una.

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स चिकित्सालय) बिलासपुर छ.ग.- 495001
FAX (0)-07752-237400, PHONE (O)-07752-237400, Email Address- mscimsbsp@gmail.com

क्रमांक/संसंएवंअधी./सिम्स/25/3737 // दावा आपत्ति हेतु सूचना // बिलासपुर, दिनांक 06-05-2025

सिम्स चिकित्सालय में निम्न मशीनों का वार्षिक रखरखाव किया जाना है जिस हेतु निर्माता कंपनी से प्राक्कलन प्राप्त हुआ है विवरण निम्न है-

Sr. No.	Item discription	Equipment Name	Model No.	Vendor/ company	Installation Date	Purchase Price Per Unit	Qty.	CMC Rate
1.	DX-D 300 DI AXYS	Digital Radiography System with fully functional dry Printer	DXD 300 with NX workstation and drystar AXYS Printer	Agfa healthcare	2018	1,12,00,439.04	01	4,78,328.00
2.	DX-M DI 5503	CR System	DX-M, NX workstation and drystar 5503	Agfa healthcare	2016	34,25,000.00	01	1,32,612.71
3.	DX-D 100 DI 5503	Digital Mobile X-Ray Machine	DXD-100+	Agfa healthcare	2022	79,00,000.00	01	5,45,000.00
4.	Lift (TKE)	Lift	--	TK Elevator	2024	2115842.00	01	1,27,323.00

GST EXTRA (18%)
जिसके दावा आपत्ति हेतु निर्माता/अधिकृत एजेंसी से मुहरबंद लिफाफा स्पीडपोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से की जा सकती है।

दावा आपत्ति एवं प्राक्कलन संबंधी दस्तावेज भेजने की अंतिम तिथि एवं लिफाफा खोले जाने का अंतिम समय	दिनांक 09.06.2025 समय शाम 4 बजे तक पता-संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, सदर बाजार, गोंडपारा, सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर, छ.ग.

G-252600723/4 हस्ता./-संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर,छ.ग.

ज्वेलर ने पत्नी, ड्राइवर व दो सालों पर फरसे से किया कातिलाना हमला

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): शाहदरा डिस्ट्रिक्ट के राम नगर इलाके में मंगलवार दोपहर एक ज्वेलर ने अपनी पत्नी, ड्राइवर और दो सालों पर फरसे (धारदार हथियार) से कातिलाना हमला कर दिया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने इस बाबत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का शुरुआती जांच में पता चला है कि दहेज प्रताड़ना के मामले में आरोपी की पत्नी के परिजन उससे बातचीत करने उसके घर पहुंचे थे। इसी दौरान आरोपी ने फरसे से उन पर हमला कर दिया। हमले में आरोपी ज्वेलर अमन वर्मा की पत्नी सोनम वर्मा, उसके दो भाई राहुल, पिंकल और इनका ड्राइवर मोहित जख्मी हुआ है। इस दौरान अमन के पिता को भी मामूली चोट आई है। फिलहाल पुलिस ने सोनम की शिकायत पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अमन वर्मा (37) अपने परिवार के साथ शाहदरा के राम नगर इलाके में रहता है। नवंबर-2012 में उसकी शादी सोनम से हुई थी। शादी के बाद इनके दो बेटे हैं। अमन अपने घर के ग्राउंड फ्लोर पर ही ज्वेलरी की शॉप चलाता है। सोनम का आरोप है कि शादी के बाद से ही अमन दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करता था। सास, ससुर और देवर भी उसका साथ देते थे। पीड़िता ने परिवार को बचाने के लिए परिजनां को कभी कुछ नहीं बताया। जब बात हद से ज्यादा बिगड़ गई तो सोनम ने सोमवार को हिम्मत जुटाकर परिजनों को पति द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करने के बात बताई।

बेकाबू कंटेनर ने बाइक सवार दो दोस्तों को मारी टक्कर

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के दयालपुर इलाके में एक बेलगाम कंटेनर ने बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में एक दोस्त की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मृतक की पहचान अफसर शाह (42) के तौर पर की है। पुलिस ने घायल युवक फिरासत के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद से ही कंटेनर चालक मौके से फरार है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद अफसर का शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक अफसर मूलरूप से बिलासपुर यूपी का रहने वाला था। वह अपने दोस्त फिरासत के साथ उत्तर-पूर्वी दिल्ली में चावल बेचने का काम करता था। दोनों न्यू उस्मानपुर इलाके में किराए पर रहते थे। फिरासत ने बताया कि यह लोग शिव विहार में थोक विक्रेता से चावल खरीदकर बाइक पर एरिया में बेचते थे। सोमवार को दोनों ने मुस्तफाबाद इलाके में चावल बेचे। इसके बाद वह वापस अपने घर लौट रहे थे। जब वह वजीराबाद रोड, यमुना विहार कट पर पहुंचे पीछे से आ रहे एक कंटेनर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं: JHS-N-W-23-25 दिनांकः 06.05.2025

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई-निविदा सूचना संख्या	कार्य लागत लगभग	धरोहर राशि
JHS-N-W-23-25	Rs. 13286051.18	Rs. 216400/-

कार्य का नाम: प्रोविजन ऑफ एसएंडटी वर्क इन कनेक्शन विथ यार्ड इम्प्रूवमेंट अंडर एडीईएन/लाइन/झाँसी (8 यार्ड)।

निविदा प्रपत्र का मूल्य: Nil | **निविदा खुलने की तिथि:** 30.05.2025, Time 15:00

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि: 12 माह

• निविदा दिनांक **30.05.2025** को **15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in **(NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। 785/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.: 1220252026 दिनांकः 07.05.2025

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक / उत्तर मध्य रेलवे / प्रयागराज निम्न लिखित कार्य हेतु ऑनलाइन **(ई-टेण्डरिंग)** के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

ई-निविदा सूचना सं.: 1220252026-42 , **कार्य का नाम:** SFG-BMU - अतिक्रमण को रोकने के लिए SFG-BMU खंड के बीच कम्पाउंड दीवार का निर्माण।

अनुमानित लागत (रु.में): Rs. 2,34,69,415.65 | **अमानत राशि (रु.में):** Rs. 2,67,400.00

कार्य की प्रकृतिः कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य।

ई-निविदा सूचना सं.: 1220252026-43 , **कार्य का नाम:** सूबेदारगंज-रेलगांव कॉलोनी में 24 टाइप V डुप्लेक्स क्वार्टर में शौचालय के साथ एक अतिरिक्त कमरे का प्रावधान।

अनुमानित लागत (रु.में): Rs. 1,92,80,081.78 | **अमानत राशि (रु.में):** Rs. 2,46,400.00

कार्य की प्रकृतिः भवन का निर्माण।

कार्य समापन की अवधिः 09 माह, **निविदा बन्द होने की तिथिः 30.05.2025 को 12:00 बजे, नोटः** पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। 791/25 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नामः नामालूम, पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **लिंगः** पुरूष, **उम्रः** लगभग 40 साल, **कदः** 5फीट 4इंच, **रंगः** गेहुँआ, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** लाईट हरे रंग की टी–शर्ट और काले, नीले रंग का लोअर और कलाई पर चमकीला बैंड बधा है। **बरामदी स्थलः** जो गेट नं1 ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, दिल्ली में दिनांक 17.04.2025 को बेहोशी की हालत में पाया गया, जिसे बाद में संजय गॉधी मेमोरियल अस्पताल, मंगोलपुरी ले जाया गया, MLC No. 1361/2025, जहाँ डॉ. द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में **DD No. 81A, दिनांक :** 17.04.2025, थानाः पंजाबी बाग, दिल्ली में दर्ज है। पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस व्यक्ति की पहचान के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पायी है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना : पंजाबी, दिल्ली
DP/5719/WD/2025 फोन : 8750871124, 8287641531

गुमशुदा की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **विनोद कुमार, पुत्रः मुकट सिंह, पताः** गांव लखनपुर, खालसा, बाह आगरा, उत्तर प्रदेश जोकि दिनांक **17.04.2025** को दोपहर लगभग **02:00** बजे **ISBT** सराय काले खां, दिल्ली के पास से लापता है। इस सन्दर्भ में **DD No. 109A, Dated 26.04.2025,** पुलिस थाना **सनलाइट कॉलोनी, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा व्यक्ति की पहचान दी गई है:

नामः विनोद कुमार, उम्रः 48 वर्ष, कदः 5'6", रंगः सांवला, शरीरः सामान्य, चेहराः गोल, पहनावाः सफेद रंग की शर्ट और ग्रे रंग की पैंट।

अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी **सनलाइट कॉलोनी, दिल्ली** को संपर्क करें।
वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फोनः 011–24368638/24368641, फैक्सः 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना सनलाइट कॉलोनी, दिल्ली
DP/5578/SE/2025 फोनः 011-26347482, 8750870928

सरना ने रकाबगंज साहिब में नैतिक पतन मामले पर डीएसजीएमसी की निंदा की

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): शिरोमणी अकाली दल (शिअद) की दिल्ली इकाई के प्रधान परमजीत सिंह सरना ने रकाबगंज साहिब में हुई कथित नैतिक पतन की घटनाओं को लेकर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की अगुवाई पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि इसे मौजूदा प्रधान हरमीत सिंह कलका और सिरसा के दस साल के शासनकाल के दौरान "गिरावट की एक नई हद" करार दिया है। उन्होंने बताया कि यह शर्मनाक घटना, जो सीसीटीवी और मोबाइल कैमरों की पूरी निगरानी में हुई, श्री ननकाना साहिब के महंत नरायण दास से जुड़ी बदनामी से भी बड़ी है। उन्होंने यह बात गुरुद्वारा सुधार आंदोलन से पहले एक महंत द्वारा गुरुद्वारों के दुरुपयोग की ओर इशारा करते हुए कही। सरना ने कालका पर नैतिक पतन की अगुवाई करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं दस साल तक उनकी निगरानी में पनपती रहीं, यह सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि पूरी विफलता को दर्शाता है। उन्होंने कलका से जवाबदेही की मांग करते हुए नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा देने की बात की है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी
निविदा सूचना-मैस संचालन कार्य)

राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी द्वारा परिसर में स्थापित 'मैस-कुल 07 मैस' (एमबी बी एस ब्यॉज मैस-02, एमबी बी एस गर्ल्स मैस-02, पी.जी. ब्यॉज मैस-01, पी.जी. गर्ल्स मैस-01 एवं नर्सिंग गर्ल्स मैस-01) के संचालन कार्यों हेतु कुशल "निविदादाताओं/ठेकेदारों से जिनके पास प्रतिदिन लगभग 800-1000 छात्र-छात्राओं को भोजन उपलब्ध कराने से संबंधित कार्यक्षेत्र में कार्य करने का किसी सरकारी/अर्धसरकारी/मेडिकल कॉलेज/चिकित्सालय/ शिक्षण संस्थान/प्रशिक्षण संस्थान/इंजीनियरिंग कॉलेज इत्यादि में 03 (तीन) वर्ष अथवा उससे अधिक का अनुभव हो, से "अनुबन्ध" के आधार पर "वार्षिक" रिनुवल करते हुये अधिकतम 03 (तीन) वर्षों के लिये निर्धारित 'शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अन्तर्गत' ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। अन्य विस्तृत जानकारी वैबसाइट http://uktenders.gov.in पर उपलब्ध है, जिन्हें दिनांक 09.05.2025 (अपरान्ह 6:30 बजे) से दिनांक 22.05.2025 के पूर्वान्ह 11:30 बजे तक डाउनलोड (Download) किया जा सकता है।

निविदा सूचना संख्या :- 384, दिनांकित-07 मई, 2025 -हस्ता./-,
दूरभाष संख्या 05946-255255, 255926 प्राचार्य,
http://uktenders.gov.in राजकीय मेडिकल कॉलेज
पत्रांक :- 19534/GMC/G-1/विज्ञापन दिनांक :- 07.05.2025 हल्द्वानी।

पहचान की अपील

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात महिला का शव **नामः** मालूम नही, **पुत्रीः** मालूम नही, **निवासः** मालूम नही, **उम्रः** लगभग 24-25 वर्ष, **कदः** 5'0", **रंगः** साँवला, **पहनावाः** काले एवं भूरे रंग का सूट और काले रंग की सलवार पहनी हुई है। **पहचानः** बांऐ हाथ पर हिन्दी में "मनोज चोपाल" लिखा हुआ है जो कच्ची मुनक नहर हैदरपुर वाटर ट्रीटमेन्ट प्लॉट रोहिणी, दिल्ली के नज़दीक पाया गया था। इस बाबत **DD No. 28-A. दिनांक 01.05.2025 थानाः के.एन.के. मार्ग, दिल्ली में दर्ज है।**

इस मृत महिला के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

हस्ता/– थानाअध्यक्ष
थानाः के.एन.के. मार्ग, दिल्ली
DP/5747/RD/2025 फोनः 8750870327

गुमशुदा व्यक्ति की तलाश



मगेश्वर दास

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दिखाया गया) जिसका नाम मगेश्वर दास **S/o** कूजा दास **R/o** सी–197, जेजे कॉलोनी, सेक्टर–24, रोहिणी, दिल्ली **उम्र** 76 साल जो कि 22.04.2025 को करीब सुबह 7 बजे अपने घर से लापता है। इस बाबत **DD No.72A दिनांक 25.04.2025** थाना बुद्ध विहार, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:–

रंगः साँवला, **कदः** 5'4", **चेहराः** लंबा, **शरीरः** सामान्य, जिसने नीले रंग की धोती, सफेद रंग का बनियान और चप्पल पहनी है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

ई-मेलः cic@cbi.gov.in
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
फैक्सः 24368639
दूरभाषः 24368638/24368641

थानाध्यक्षः बुद्ध विहार, दिल्ली
दूरभाष सं.: 011-27052772-73
8750870326
DP/5697/RD/2025

मशीन टूल एक्सपो 9 मई से भारत मंडपम में

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : भारतीय मशीन टूल निर्माता संघ दिल्ली में दिल्ली मशीन टूल और मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी एक्सपो का पांचवां संस्करण और फैक्ट्री इक्विपमेंट एक्सपो का दूसरा संस्करण आयोजित कर रहा है। ये दोनों प्रमुख आयोजन 9 से 12 मई 2025 तक भारत मंडपम में आयोजित किए जाएंगे। इस एक्सपो में लगभग 250 प्रदर्शक भाग लेंगे और 15,000 से अधिक आगंतुकों के आने की उम्मीद है। एक्सपो में धातु प्रसंस्करण मशीनों, सहायक उपकरणों और विभिन्न घटकों की नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिनमें कटिंग मशीन, फॉर्मिंग मशीन, वेल्डिंग तकनीक, इंडस्ट्री 4.0 से जुड़ा सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर, 3डी प्रिंटिंग और एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग जैसी अत्याधुनिक प्रणालियाँ शामिल होंगी।

कार्यालय मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित कोण्डागांव, जिला - कोण्डागांव (छ.ग.)

पंजीयन क्रमांक AR/KNG/19 date.12.02.2019 (Email Address mmpskgn@gmail.com

क्र./म. प्रस./नि.आं./ निविदा आंम./2025/226 कोण्डागांव, दिनांक: 06/05/2025

रुचि की अभिव्यक्ति

मां दन्तेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित कोण्डागांव द्वारा 80 KLPD क्षमता के आनाज आधारित ईथेनॉल प्लांट संचालन के लिए क्रेय-विक्रय क्रेताओं एवं विक्रेताओं के अनुसूचिकरण हेतु ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट में ई-निविदाएं आमंत्रित की गई हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	क्रय/विक्रय का विवरण	निविदा क्र.	जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	खुलने की तिथि एवं समय
1.	DDGS विक्रय	166473	13/05/2025 समय 5:30 PM	14/05/2025 समय 11:30 AM
2.	CO_2 विक्रय	166471	13/05/2025 समय 5:30 PM	14/05/2025 समय 11:30 AM
		लिमिटेड टेन्डर		
1.	ब्रोकन राईस	167884	14/05/2025 समय 5:30 PM	15/05/2025 समय 11:30 AM
2.	राईस हस्क	167924	14/05/2025 समय 5:30 PM	15/05/2025 समय 11:30 AM

उपरोक्त तालिकानुसार आवश्यक सामाग्रियों की EOI/ Limited Tender जारी की गई है, जिसकी विस्तृत जानकारी जिला-कोण्डागांव के आधिकारिक वेबसाईट https://kondagaon.gov.in एवं ई-प्रोक्योरमेंट की वेबसाईट (https://eproc.cgstate.gov.in) से प्राप्त की जा सकती है।

सही/-प्रबंध संचालक
मां दन्तेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं
विपणन सहकारी समिति मर्या. कोण्डागांव
S-43780/3 जिला-कोण्डागांव

GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE
SAMVAD R.O. No. 13/2026/80/34549/I/142/7 Dt. 07/05/2025

SR. No.	NAME OF BOARD/CORP./AUTH	NAME OF WORK NOTICE TENDER	OPENING DATE CLOSING DATE (TIME)	AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES	WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH	NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL
1	GMDA GURUGRAM	REVISED DNIT FOR SPECIAL REPAIR OF SUDDENLY COLLAPSED / BLOCKED MASTER SEWER LINE FALLING IN SUB CITY-I, II AND III, GURUGRAM. `BARRICADING OF SETTLED SEWER LINE, PLUGGING OF M.H`S, DIVERSION OF SEWAGE FLOW, PROVIDING HIGH POWER SUPER SUCKER MACHINE FOR CLEANING OF BLOCKAGE, HIRING OF JCB, HYDRA AND POCKLAIN FOR DEEP EXCAVATION, PROV. AND LAYING OF RCC NP3 PIPE AND REPAIRING OF DAMAGE M.H`S ETC. AND ALL OTHER WORKS CONTINGENT THERETO.`	30.04.2025 12.05.2025	2.23 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9729265648 xen4infra2.gmda@gov.in

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पाक को मिला मुंहतोड़ जवाब

अब इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं रहना चाहिए कि पाकिस्तान एक ऐसा आतंकवादी देश है जिसकी जमीन पर दहशतगर्द तंजीमों को पाला-पोसा जाता है। यहां की सेना और सरकारों के साये में इन तंजीमों ने पूरे पाकिस्तान को आतंकवादियों की सैरगाह में तब्दील कर दिया है। भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछली 22 अप्रैल को हुए नृशंस हत्याकांड का बदला इन्हीं दहशतगर्द तंजीमों के नौ ठिकानों पर मिसाइल हमला करके लिया है और पूरी दुनिया को बता दिया है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी सीमाओं के भीतर से ही कार्रवाई करने में समर्थ है। भारत की जांबाज फौजों ने जिस प्रकार पाक अधिकृत कश्मीर से लेकर पाकिस्तान के बहावलपुर में स्थित आतंकवादी शिविरों व ठिकानों को निशाना बनाया है उससे यह प्रमाणित हो गया है कि पाकिस्तान की फौजें आतंकवाद को भारत में फैलाने में मदद देती हैं।

दरअसल पाकिस्तान की बुनियाद ही हिन्दू नफरत पर रखी गई है। यहां की फौज हिन्दू विरोध से ही प्रेरित होकर भारत विरोध करती आ रही है। इसीलिए पहलगाम में 26 भारतीय पर्यटकों का धर्म पूछकर हत्या की गई जिनमें एक नेपाली नागरिक भी शामिल था। इस जघन्य कांड का बदला लेने की घोषणा भारत के प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 24 अप्रैल को ही कर दी थी और पूरी दुनिया को बता दिया था कि भारत आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों को ऐसी सजा देगा जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। अत: पाक स्थित आतंकवादी ठिकानों पर हमला करके भारत ने माकूल जवाब दिया है। श्री मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे पाकिस्तान आज मिमियाता नजर आ रहा है। भारत का बच्चा-बच्चा आज प्रधानमन्त्री के इस हौसले को सराह रहा है और सोच रहा है कि श्री मोदी जैसा कहते हैं वैसा ही करते हैं। इस संकट की घड़ी में पूरा भारत उत्तर से लेकर दक्षिण तक एक है और अपने प्रधानमन्त्री के हाथ मजबूत करना चाहता है। पाक स्थित जिन नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया है उनमें दुर्दान्त आतंकवादी मौलाना अजहर मसूद का घर भी शामिल है जिसमें उसके परिवार के 14 सदस्य हलाक हो गये हैं। मसूद अब चिल्लाता फिर रहा है कि अगर वह भी मर जाता तो बेहतर होता। यह मसूद वही है जिसे भारत ने 2000 में अपना एक यात्री विमान अपहरण हो जाने पर उसमें सवार यात्रियों की जान छुड़ाने की एवज में छोड़ा था। इस पर न जाने कितने मासूम लोगों की हत्या करने का इल्जाम है। मगर गौर करने वाली बात यह है कि खूंखार आतंकवादियों की पनाहगाह बने पाकिस्तान को क्या खुद को जायज मुल्क कहने का हक है?

> **भारत की जांबाज फौजों ने जिस प्रकार पाक अधिकृत कश्मीर से लेकर पाकिस्तान के बहावलपुर में स्थित आतंकवादी शिविरों व ठिकानों को निशाना बनाया है उससे यह प्रमाणित हो गया है कि पाकिस्तान की फौजें आतंकवाद को भारत में फैलाने में मदद देती हैं। दरअसल पाकिस्तान की बुनियाद ही हिन्दू नफरत पर रखी गई है। यहां की फौज हिन्दू विरोध से ही प्रेरित होकर भारत विरोध करती आ रही है। इसीलिए पहलगाम में 26 भारतीय पर्यटकों का धर्म पूछकर हत्या की गई जिनमें एक नेपाली नागरिक भी शामिल था।**

हकीकत तो यह है कि पाकिस्तान 14 अगस्त, 1947 से ही एक जायज मुल्क नहीं है क्योंकि यह हिन्दू-मुसलमान की बुनियाद पर मुहम्मद अली जिन्ना ने अंग्रेजों के साथ साजिश करके दस लाख से भी अधिक लोगों की लाशों पर तामीर कराया था। ऐसा दुनिया के इतिहास में दूसरी बार हो रहा था कि किसी मुल्क के बनने पर आबादी की ही अदला-बदली की गई हो। यह अदला- बदली हिन्दू-मुसलमान के आधार पर की गई थी। अत: ऐसे मुल्क का ईमान केवल हिन्दू विरोध बन कर रह गया और यहां के हुक्मरानों ने इसी को अपने वजूद की शर्त बना डाला। इसी शर्त के चलते पाकिस्तान ने अपने बनने के तुरन्त बाद जम्मू-कश्मीर पर हमला बोला और इस सूबे का एक-तिहाई हिस्सा अपने कब्जे में कर लिया। इस पाक अधिकृत कश्मीर में ही भारत की फौजों ने पांच आतंकवादी शिविरों को नेस्तनाबूद किया। जिस कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है उसे ही पिछले तीस सालों से पाकिस्तान ने आतंकवाद फैला कर जहन्नुम में तब्दील करने की कोशिश की। इसी आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत की मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर सूबे के रुतबे में बदलाव किया और इसे भारतीय संघ के साथ मजबूती से जोड़ा। इस कार्य में भारत की सेनाओं ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कश्मीर की वादियों से आतंकवादियों की सफाई का अभियान चलाया। जिसके चलते जम्मू-कशमीर में रौनक लौटने लगी और भारत के शेष हिस्सों से इस राज्य में सैलानी पुन: आने लगे। पिछले साल सवा दो करोड़ पर्यटक जम्मू-कश्मीर की हसीन वादियों की सैर करने आये। इससे कश्मीर फिर चहकने लगा जो पाकिस्तान से बर्दाश्त नहीं हुआ और इसके पाले हुए आतंकवादियों ने पिछले 22 अप्रैल को जघन्य हत्याकांड कर डाला मगर इसमें भी हिन्दुओं को ही चुन-चुन कर मारा अत: भारत भी अब दहशतगर्दों को चुन-चुन कर मारेगा जिसकी घोषणा गृहमन्त्री श्री अमित शाह ने की थी।

जरा सोचिये जिस पाकिस्तान को पीने का पानी भी भारत की कृपा से मिलता हो वही हमें आंखें तरेरता है और आतंकवाद को पनपा कर हमें लहूलुहान करता है। वे दिन अब चले गये हैं जब पाक परस्त कश्मीरी तंजीमों को केन्द्र सरकार दूध पिलाने का काम किया करती थी। अब देश में नरेन्द्र मोदी की सरकार है और श्री मोदी का यह अहद है कि वे 'जैसे को तैसा' तेवरों से जवाब देंगे। प्रधानमन्त्री के इन्हीं तेवरों से घबरा कर पाकिस्तान पिछले दिनों राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद में गया मगर वहां से भी इसे कड़ी फटकार मिली। भारत ने कूटनीतिक मोर्चे पर जो नाकाबन्दी की है उसमें सिन्धु नदी जल समझौता प्रमुख है जिसे भारत ने फिलहाल मुल्तवी कर रखा है। पाकिस्तान कह रहा है कि यदि भारत ने पानी रोका तो यह युद्ध करने जैसा होगा लेकिन भारत ने तो पाकिस्तान के घर में घुसकर उसके आतंकवादी शिविरों को सीधा निशाना बना डाला है।

भारत की सेना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अनुशासित पेशेवर फौज है। सैनिक मोर्चे पर पाकिस्तान भारत का मुकाबला नहीं कर सकता इसीलिए वह अपने एटमी ताकत होने का हौवा खड़ा करता रहता है। मगर भारत की फौजों का ईमान है कि वह इंसानियत की रखवाली है और अपने ऊपर आक्रमण होने के बाद ही उसका यथोचित उत्तर देती है। इस सेना के बारे में प्रसिद्ध है कि,

''ताकत वतन की हमसे है
इज्जत वतन की हमसे है
इंसान के हम रखवाले।''

मूलभूत सुविधाएं...



गीता पाढा

"गरीब और ग़रीबी इस हद तक लाचार हैं,
मूलभूत सुविधाएं अब पहुंच से बाहर हैं,
सामाजिक कल्याण की योजनाएं तो भरमार हैं,
पर भ्रष्टाचार की दीमक हर विभाग पर सवार है,,
यह सिस्टम और तंत्र दोनों की हार है,
जो बार-बार दिशा-निर्देश के बावजूद भी प्राइवेट संस्थानों ने
बनाया शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों को व्यापार है...।"

त्रासदी के बावजूद हिमांशी ने राष्ट्र को रास्ता दिखाया

मर्यादाएं

चन्द्रमोहन

संपादक : वीर प्रताप

chander_m@ hotmail.com
BLOG: chandermohan.net

22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन वादी में हुए आतंकी हमले के बाद कश्मीर वादी में बदलाव की लहर नज़र आ रही है। पहली बार कश्मीर वादी इस दर्दनाक घटना के विरोध में बाक़ी देश के साथ खड़ी है। लोगों ने सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किए। इस बार भारत सरकार के खिलाफ नहीं, बल्कि बैसरन के भयानक हमले के खिलाफ। पहलगाम में टैक्सी चालकों ने तख्तियां पकड़ी हुईं थी, I Am Indian. वह नारे लगा रहे थे, 'हम हिन्दोस्तानी हैं" और 'हिन्दोस्तान हमारा है '। ऐसे दृश्य वादी में पहले नहीं देखे गए, तब भी नहीं जब सब कुछ सामान्य था। कश्मीर घाटी पाकिस्तान के खिलाफ बिल्कुल एकजुट थी। पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शनों का नेतृत्व वही सिविल सोसाइटी कर रही थी जो कभी भारत सरकार के खिलाफ सड़कों पर निकलती थी। जिन मस्जिदों से कभी कश्मीरी पंडितों को कश्मीर छोड़ने की धमकी दी गई, उन्हीं मस्जिदों से मारे गए टूरिस्ट के प्रति शोक प्रकट किया गया और पाकिस्तान की निन्दा की गई। कई मस्जिदों में लोगों ने काली पट्टियां बांधी हुई थीं। जामिया मस्जिद में मौलवी मीरवाइज़ जो कभी अलगाववाद के प्रवक्ता थे, ने इस हत्या कांड के बाद कहा कि इस हमले ने लोगों के दिलों को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रदर्शन कर कश्मीर के लोगों ने आतंकवाद के प्रति अपनी पूर्ण अस्वीकृति प्रकट कर दी है। श्रीनगर के लाल चौक जहां कभी टूरिस्ट जाने से घबराते थे, वहां दुकानदारों ने हमले के विरोध में दुकानों के बाहर काले झंडे लगाए। कश्मीर के प्रमुख समाचार पत्रों ने मुख्य पृष्ठ को काला कर घटना का समाचार छापा।

यह बात कश्मीरियों को समझ आ गई है कि बुलेट उनकी रोज़ी रोटी पर भी चलाया गया। पिछले साल वहां 2.3 करोड़ टूरिस्ट आए थे। यह साल भी अच्छा चल रहा था कि गोलियां चला दी गईं। धारा 370 हटाए जाने के बाद कुछ देर बेचैनी रही थी पर बेहतर हुई स्थिति के कारण कश्मीरियों ने हालात से समझौता कर लिया था। इसके लिए उन्हें सबक़ सिखाया गया है। कश्मीर पर विशेषज्ञ लै.जनरल (रिटायर्ड) केजेएस ढिल्लों का साफ़ कहना है कि, "पहलगाम का हमला टूरिस्ट के खिलाफ नहीं था, वह कश्मीरियों की रोज़ी रोटी के खिलाफ था। आज स्थानीय लोग शान्ति प्रक्रिया में साझेदार हैं। वह पुराने काले दिनों में वापिस नहीं लौटना चाहते"।

कश्मीरियों को समझ आ गई है कि यह कोई जेहाद नहीं है। हमला सुरक्षा बलों पर या व्यवस्था पर नहीं किया गया। हमला निहत्थे लोगों पर किया गया। भारी संख्या में होटल और एयर बुकिंग रद्द कर दी गईं है। यह बड़ा धक्का है।होटल वाले से खच्चर वाले सब प्रभावित हैं। पहलगाम में ही रोज़ाना 10000 टूरिस्ट आ रहे थे। यह सब एकदम ग़ायब हो गया है। बाक़ी टूरिस्ट स्थल से भी यही समाचार हैं। अब वहां केवल ख़ाली बैठे स्थानीय लोग और सुरक्षा बल रह गए हैं। विधानसभा में पहली बार सर्वसम्मति से दहशतगर्दों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि 26 साल के बाद बिना किसी आह्वान के लोग बाहर निकले हैं। इस बदलाव को हमें क़ायम रखना है। उमर अब्दुल्ला का भाषण अत्यंत भावुक था। उनका कहना था, "मेज़बान होने के नाते सुरक्षा की ज़िम्मेवारी मेरी थी। इन के परिवारजनों से मैं कैसे माफी मांगूं? मेरे पास शब्द नहीं हैं...उन बच्चों से क्या कहूं जिन्होंने अपने वालिद को खून से सना हुआ देखा है ? उस नेवी अफ़सर की विधवा को क्या कहूं जिसकी शादी चंद दिन पहले हुई थी?"

चाहे उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि उनके पास शब्द नहीं हैं पर जो शब्द उन्होंने कहे वह एक अत्यंत संवेदनशील इंसान के शब्द हैं। आजकल तो हर असफलता के लिए दूसरे पर दोष डाला जाता है पर यहां वह आगे आकर ज़िम्मेवारी क़बूल कर रहे थे जबकि पुलिस या सुरक्षा बल उनके अधीन नहीं हैं। आजकल के माहौल में वह अपवाद है। उन्होंने खच्चर वाले सैयद अदिल हुसैन शाह की क़ुर्बानी का भी ज़िक्र किया। उसकी बहादुरी से पता चलता है कि वहां कैसा बदलाव आया है। उसके गरीब पिता का कहना था, "अदिल ने टूरिस्ट को बचाने के लिए जान दे दी, इसे कश्मीरियत कहते हैं"। उस दिन जो 26 मारे गए उनमें से केवल अदिल कश्मीरी था। उसने आतंकी का सामना कर पूछा कि वह बेक़सूरों को क्यों मार रहे हैं? उस समय दो परिवार हथियारबंद आतंकियों का सामना कर रहे थे। आतंकी को रोकने के लिए अदिल ने उसके हथियार छीनने की कोशिश की जिस पर उसे तीन गोलियां मारी गई और वहां ही उसकी मौत हो गई। एक गाइड ने 11 लोगों के परिवार को बचाया। पुणे से गए असावरी जगदाले ने बताया जब वह लोग उस अफ़रातफ़री के बचकर निकले तो कैब चालक और खच्चर वालों ने उन्हें बचाया। बरस रहीं गोलियों की परवाह किए बिना शॉल बेचने वाला साजिद बट्ट एक घायल को पीठ पर उठा कर भाग निकला और उसकी जान बचा दी।

अदिल अपने परिवार में एकमात्र कमाने वाला था। वह एक तरफ़ हट सकता था, आतंकी उसे कुछ नहीं कहते पर उसने आगे आकर उन्हें चैलेंज किया। उसकी बहादुरी का सम्मान न केवल जम्मू-कश्मीर सरकार बल्कि भारत सरकार को भी करना चाहिए। यह इसलिए भी ज़रूरी है क्योंकि कई लोग इस घटना को लेकर साम्प्रदायिक तनाव खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। कई जगह कश्मीरी छात्रों को परेशान किया गया और हमले भी किए गए। कई अपने घर कश्मीर लौटने पर मजबूर हो गए। ऐसी घटनाओं से सख्ती से निपटना चाहिए। जो ऐसा कर रहे हैं वह न केवल देश का अहित कर रहे हैं पाकिस्तान के मक़सद को भी पूरा करने में लगे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जे.एफ.रिबेरो जिन्होंने पंजाब में आतंकवाद समाप्त करने में बड़ी भूमिका निभाई थी ने लिखा है, "आतंकवाद को समाप्त करने का एकमात्र रास्ता है कि उस समुदाय के दिल जीते जाएं जिनसे आतंकी आते हैं"। मैं स्वीकार करता हूं कि अतीत में कश्मीरियों ने भी बहुत ग़लतियां की हैं पर अगर अब वह बदलना चाहते हैं और मुख्यधारा में शामिल होना चाहते हैं तो इसका स्वागत होना चाहिए।

हमले करने के पाकिस्तान के दो बड़े मक़सद थे, कश्मीरियों की रोज़ी रोटी पर वार करना और देश में साम्प्रदायिक तनाव खड़ा करना। इसीलिए टूरिस्ट को धार्मिक रूप पर निशाना बनाया गया। पाकिस्तान हिन्दू–मुस्लिम तनाव बढ़ता देखना चाहता है। हमें इस जाल में नहीं फंसना। आगरा से बहुत विचलित करने वाला समाचार मिला है जहां एक स्वयंभू गाय रक्षक ने बिरयानी बेचने वाले एक मुसलमान को गोली मार दी और फिर गर्व से कहा कि, "मैंने पहलगाम हमले का बदला ले लिया"। यह अत्यंत दुख की बात है कि राजनीतिक और धार्मिक नेता ऐसी हरकतों की निन्दा करने से घबराते हैं। जो लोग नफ़रत फैलाने में लगे हुए हैं वह देश विरोधी हैं। भारतीय जनता पार्टी पर बहुत ज़िम्मेवारी है। उन्हें यह प्रदर्शित करना है कि इस चुनौतीपूर्ण समय जब चीन और पाकिस्तान इकट्ठे समस्या खड़ी कर रहे हैं और दूसरे बड़े देश चुपचाप तमाशा देख रहे हैं,उनमें देश को एकजुट रखने की क्षमता है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व वित्त मंत्री हसीब ऐ द्राबू ने इसे 'टरनिंग पॉयंट' कहा है क्योंकि आतंक का विरोध सिविल सोसाइटी कर रही है। इस मौक़े को हाथ से जाने नहीं दिया जाना चाहिए।

अंत में गुलमेहर कौर जिसके पिता 1999 में जम्मू-कश्मीर में आतंकियों से लड़ते शहीद हो गए थे ने सही कहा है कि आतंकवाद की सही पराजय तब होती है जब हम हिंसा को विभाजित नहीं करने देते। सबसे सशक्त हिमांशी नरवाल जिसके पति नौसेना अधिकारी विनय नरवाल को मार दिया गया था, की अपील है कि 'हमें मुसलमानों और कश्मीरियों को टार्गेट नहीं करना चाहिए। हमें शान्ति चाहिए और मुझे न्याय चाहिए"। 9 आतंकी शिविरों पर 'आप्रेशन सिंदूर' के द्वारा एयर स्ट्राइक कर हिमांशी और दूसरे पीड़ितों को 'न्याय' देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पर वह हृदय विदारक दृश्य भूलना आसान नहीं जब स्तब्ध हिमांशी अपने मारे गए पति के शव के पास बेबस बैठी थी। कुछ दिन पहले विवाह हुआ था और बांह में चूड़ा नज़र आ रहा था। अपनी निजी त्रासदी को एक तरफ़ रख कर यह महिला अद्वितीय बहादुरी, संवेदनशीलता, देशभक्ति और समझदारी का परिचय दे रही है। ऐसी हालत में तो इंसान सुधबुध खो बैठता है पर वह देश को रास्ता दिखाने की कोशिश कर रही है। उसकी आवाज़ देश की अंतरात्मा की आवाज़ है, जो आवाज़ पिछले कुछ वर्षों में धीमी पड़ चुकी है।

हिमांशी जैसे युवा यह आशा देते हैं कि अभी कुछ बचा है, सब कुछ ख़त्म नहीं हो गया। पर यह अत्यंत दुख की बात है कि कुछ लोग हिमांशी के भी पीछे पड़ गए हैं। उसे ट्रोल किया जा रहा है। चरित्र हनन की कोशिश हो रही है यहां तक मांग की गई कि इस विधवा को उसके पति की पैंशन नहीं मिलनी चाहिए। जिन्होंने आजतक कभी बंदूक़ नहीं उठाई, आतंक का सामना नहीं किया ऐसे डिजिटल शूरवीर हिमांशी पर गिद्धों की तरह टूट पड़े हैं। अगर इनमें इतना जोश है तो इन्हें बीएसएफ़ में भर्ती कर पाकिस्तान सीमा पर भेज देना चाहिए। पर यह कैसा देश हमारा बन रहा है? यहां कोई सही बात नहीं कर सकता ?यह नफ़रत हमें कहां पहुंचाएगी? हम क्यों अपने दुश्मनों की मुराद पूरी करने में लगे हैं?

पाकिस्तानियों को सिख सैनिकों का खौफ आज भी है

सिख सियासत

सुदीप सिंह

newsreporter.2008@gmail.com

इतिहास गवाह है कि भारतीय सेना में तैनात सिख सैनिकों का खौफ आज भी पाकिस्तानियों को है, क्योंकि बाबा बन्दा सिंह बहादुर सहित अनेक ऐसे सिख योद्धा हुए हैं जिन्होंने मुगलों की



ईंट से ईंट बजा दी। इतना ही नहीं देश की आजादी के बाद जब भी पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ा तो सिख रेजीमेंट सहित भारतीय सेना में तैनात सिख सैनिको के द्वारा उन्हें मुंह की खानी पड़ी। 1965 की जंग में एक समय ऐसा भी आया जब पाकिस्तान भारत पर पूरी तरह से हावी हो चुका था और उसकी पूरी तैयारी दिल्ली की ओर कूच की थी। ऐसे में भारतीय सेना के आर्मी चीफ जनरल चौधरी ने पंजाब में तैनात कमांड के मुखिया लेफ्टिनेंट हरबक्ष सिंह को आर्डर किया कि अपनी कमांड को लेकर ब्यास के इस पार आकर अम्बाला में मोर्चा सम्भालें ताकि पाकिस्तानी सेना को अम्बाला में रोका जा सके। मगर उस समय एक सिख योद्धा जिसे गुरु गोबिन्द सिंह जी से दुश्मन के खिलाफ आगे होकर लड़ने की प्रेरणा मिली हो उसने अपने सीनियर अफसर का आदेश इस कारण ठुकरा दिया क्योंकि उनकी सोच थी कि कुछ साल पहले ही बंटवारे के समय सिख समुदाय अपने पवित्र एतिहासिक गुरुद्वारा साहिब जिसमें गुरु नानक देव जी की जन्मस्थली ननकाणा साहिब, पंजा साहिब आदि शामिल थे, बंटवारे के चलते पाकिस्तान में छोड़ आए हैं और अगर अब पाकिस्तानी सेना को ना रोका गया तो संभव है कि श्री दरबार साहिब अमृतसर भी भारत के कब्जे से निकल जाए। ऐसे में अमृतसर जाने के लिए भी वीजा लेकर जाना पड़ेगा, इसलिए लेफ्टिनेंट हरबक्ष सिंह ने अपनी कमांड के साथ पाकिस्तानी सेना का ना सिर्फ डटकर मुकाबला किया बल्कि लाहौर तक जाकर वहां अपना कब्जा जमा लिया मगर बाद में राजनीतिक सोच ने उसे वापिस पाकिस्तान के हवाले कर दिया। उसके बाद भी जब कभी पाकिस्तान ने आंखें दिखाई तो सिख सैनिकों ने उनका मुंहतोड़ जवाब दिया।

आज विदेशों की धरती पर बैठकर खालिस्तान मुहिम चलाने वाले गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे लोग भारतीय सेना में तैनात सिख सैनिकों को सम्बोधन करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ जंग का हिस्सा ना बनने के मशवरे दे रहे हैं, पर शायद उन्हें इस बात का रत्तीभर भी ज्ञान नहीं कि सिखों ने इस देश की आन-बान-शान के लिए सबसे अधिक कुर्बानियां दी हैं और आगे भी अगर देश को जरूरत पड़ी तो सिख सैनिक सबसे आगे की कतार में खड़े पाएंगे।

पाकिस्तान हमेशा से आतंकियों को समर्थन करता आ रहा है जो समय-समय पर भारत सहित अन्य देशों में आतंकी हमलों को अन्जाम देते आए हैं। इतना ही नहीं कई बार तो इन आतंकियों ने पाकिस्तान के अन्दर भी कई घटनाओं को अन्जाम दिया,बावजूद इसके पाकिस्तान सरकार का समर्थन जारी रहा। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में बेकसूर भारतीय पर्यटक मारे गए जिसके बाद भारत की मोदी सरकार पूरी तरह से हरकत में आ गई और ठान लिया कि अब और बर्दाशत नहीं किया जा सकता क्योंकि पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं है। इससे पहले कई बार भारत ने पाकिस्तान को चेतावनी भी दी मगर उसका कोई खास असर पाकिस्तान पर नहीं हुआ। जिसके बाद भारतीय वायु सेना के द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर सहित 9 आतंकी ठिकानों पर हमला कर उन्हें ध्वज्ञत किया।

परमजीत सिंह वीरजी को अकाल तख्त से सम्मान की सिफारिश

शिरोमणि अकाली दल के दिल्ली इकाई के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना के द्वारा धर्म प्रचार के क्षेत्र में लम्बे समय से सेवाएं निभाने वाले परमजीत सिंह वीरजी को श्री अकाल तख्त साहिब से सम्मान दिलाने हेतु सिफारिश इसलिए की गई है क्योंकि पिछले करीब 15 सालों से परमजीत

सिंह वीरजी द्वारा निभाई जा रही पंथक सेवाओं से खासे प्रभावित हैं। जब वह दिल्ली कमेटी के अध्यक्ष हुआ करते थे तो उन्होंने परमजीत सिंह वीरजी को धर्म प्रचार के चेयरमैन की सेवा सौंपी और उनके काम करने के अन्दाज को देखा। एक बार फिर परमजीत सिंह वीरजी के द्वारा गुरबाणी रिसर्च संस्था के बैनर तले 400 से अधिक बच्चों का गुरबाणी कंठ मुकाबला करके मानो इतिहास रचा हो, क्योंकि इससे पहले इस तरह का मुकाबला देखने को नहीं मिला जिसमें छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा जपुजी साहिब, जाप साहिब, सुखमनी साहिब, चौपई साहिब आदि बाणियों को कंठस्त करके सुनाया हो। देखा गया कि करीब 6 महीने का समय लग गया, बच्चों से बाणी सुनकर उनकी छांटी कर अव्वल रहे बच्चों का मुकाबला करवाया गया, उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। इनमें एक बच्ची जिसे पंजाबी पढ़नी या लिखनी तक नहीं आती और गैर सिख परिवार से सम्बन्ध रखती है, उसके द्वारा 5 से अधिक बाणियों को कंठस्त करके सुनाया गया जो कि शायद आज के समय में गुरुद्वारों के ग्रन्थी, सेवादारों को भी याद नहीं होती, ज्यादातर मोबाइल फोन रखकर ही गुरबाणी उच्चारण करते हैं। इस बच्ची को गुरबाणी याद करवाने का श्रेय उनकी दादी को जाता है। इससे एक बात और निकल कर आती है कि आजकल परिवार छोटे होने और व्यस्त जिन्दगी के चलते घर के बड़े बुजुर्गों के पास बैठने का बच्चों को समय ही मिल पाता।

आम की गुठलियों से पौधे बनाकर करते हैं सेवा

आमों की गुठलियां (बीज) जिसे हर कोई खाकर फेंक देता है कोलकाता के 51 वर्षीय जस्मीत सिंह अरोड़ा उन्हीं आम की गुठलियां इकट्ठा करते हैं और उन्हें अंकुरित कर पौधे तैयार करते हैं और बड़ा होते ही उन्हें किसानों को बिना किसी शुल्क के भेंट कर अनोखी सेवा निभा रहे हैं। अरोड़ा किसानों को जैविक खेती का तकनीकी ज्ञान देना चाहते हैं और उन्हें उद्यमी बनाना चाहते हैं। "ग्राम समृद्धि फाउंडेशन के तहत वह किसानों को फलदार वृक्ष लगाने में सहयोग देते हैं। तीन साल से वे इस विचार को संजोए हुए हैं लेकिन असली रफ्तार तब मिली जब उनकी छोटी बेटी 'गुनमीत' ने उनका एक वीडियो बनाया जिसमें वे आम की गुठलियां दान करने की अपील कर रहे थे। उनकी मानें तो भारत की 80 प्रतिशत ज़मीन आम की खेती के लिए उपयुक्त है। दवाओं के व्यापार से जुड़े अरोड़ा का उद्देश्य केवल इतना है कि जल, मृदा और वायु की शुद्धता के साथ-साथ मन की शुद्धता के

लिए भी कुछ किया जाए। वह कहते हैं, "जो लोग मदद करना चाहते हैं वे बीज भेज सकते हैं। जिनके पास ज़मीन है वे बीज अंकुरित करने का काम कर सकते हैं और जो समय व सेवा देना चाहते हैं उनके लिए मैं कार्य की व्यवस्था कर सकता हूं।"

चंद्रमा पर होंगे भारतीय अंतरिक्ष यात्री के पदचिह्नः मोदी

नई दिल्ली, (पंजाब केसरही) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में नए विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है और उसके अंतरिक्ष यात्रियों के कदम चांद पर पहुंचेंगे। वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण सम्मेलन के लिए अपने रिकॉर्ड किए गए संदेश में मोदी ने कहा कि देश में अन्वेषण के मिशनों में ''मंगल और शुक्र भी हमारे रडार पर हैं''।

उन्होंने मंगलवार को रिकॉर्ड किए गए वीडियो संदेश में कहा, ''भारत की अंतरिक्ष यात्रा का अर्थ दूसरों से प्रतिस्पर्धा करना नहीं है। इसका अर्थ है एक साथ मिलकर ऊंचाइयों को छूना। हम मानवता की भलाई के लिए अंतरिक्ष की खोज करने के वास्ते एकसाथ मिलकर लक्ष्य साझा करते हैं।'' उन्होंने कहा कि भारत ने दक्षिण एशियाई देशों के लिए एक उपग्रह प्रक्षेपित किया है और 'जी-20' देशों की अध्यक्षता के दौरान घोषित 'जी-20 उपग्रह मिशन' 'ग्लोबल साउथ' के लिए एक उपहार होगा। मोदी

ने 2027 की शुरुआत में प्रस्तावित प्रक्षेपण का जिक्र करते हुए कहा, ''हमारा पहला मानव अंतरिक्ष-उड़ान मिशन 'गगनयान' हमारे देश की बढ़ती आकांक्षाओं को प्रदर्शित करता है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले हफ्तों में, एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए इसरो-नासा के संयुक्त मिशन के तहत अंतरिक्ष की यात्रा करेगा। एक्सिओम-4 मिशन को 29 मई को प्रक्षेपित करने की योजना है और भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला तथा तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री कक्षीय प्रयोगशाला में 14 दिन का

मंगल और शुक्र भी रडार पर

- 'भारत की अंतरिक्ष यात्रा का अर्थ दूसरों से प्रतिस्पर्धा करना नहीं है

प्रवास करेंगे। इसी तरह ग्लेक्स-2025 का आयोजन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री महासंघ और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा किया जा रहा है। मोदी ने कहा, ''अंतरिक्ष केवल एक मंजिल नहीं है। यह जिज्ञासा, साहस और सामूहिक प्रगति की घोषणा है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा इसी भावना को प्रदर्शित करती है।'' उन्होंने कहा, ''वर्ष 2035 तक, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन अनुसंधान और वैश्विक सहयोग में नई सीमाएं खोलेगा। वर्ष 2040 तक किसी भारतीय के कदम चंद्रमा पर होंगे। मंगल और शुक्र भी हमारे रडार पर हैं।'' मोदी ने कहा कि वर्ष 1963 में एक छोटे रॉकेट को लॉन्च करने से लेकर, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बनने तक, हमारी यात्रा उल्लेखनीय रही है। उन्होंने कहा, ''हमारी यात्रा उल्लेखनीय रही है। हमारे रॉकेट 1.4 अरब भारतीयों के सपने लेकर जाते हैं। भारत की उपलब्धियां महत्वपूर्ण वैज्ञानिक पड़ाव हैं। इसके अलावा, वे इस बात का सबूत हैं कि मानवीय भावना गुरुत्वाकर्षण को चुनौती दे सकती है।'' उन्होंने कहा, ''भारत ने वर्ष 2014 में अपने पहले प्रयास में मंगल ग्रह पर पहुंचकर इतिहास रच दिया। चंद्रयान-1 ने चंद्रमा पर पानी की खोज में सहायता की। चंद्रयान-2 ने हमें चंद्रमा की उच्चतम-रिजॉल्यूशन वाली तस्वीरें भेजीं। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के बारे में हमारी समझ को बढ़ाया।'' मोदी ने कहा, ''हमने रिकॉर्ड समय में क्रायोजेनिक इंजन तैयार किए। हमने एक ही मिशन में 100 उपग्रह भेजे। हमने अपने प्रक्षेपण यानों से 34 देशों के 400 से अधिक उपग्रह प्रक्षेपित किए हैं। इस वर्ष हमने दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित किया, जो एक बड़ा कदम है।''

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83

पंजाब केसरी

दिल्ली कार्यालय :

फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

पंजाब केसरी | दिल्ली, गुरुवार | 8.05.2025

जब-जब भारत के अस्तित्व और सम्मान को कोई चोट पहुंचाएगा तो भारत दुश्मन के घर में घुसकर मारेगा...

'ऑपरेशन सिंदूर' से पहलगाम में अपने पति खो चुकी महिलाओं के सुहाग को श्रद्धांजलि

OPERATION SINDOOR

राहुल शर्मा

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): 'सिंदूर' यानी किसी शादीशुदा महिला के सुहाग की निशानी, महिला के सुहागन होने का प्रतीक। गत 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। आतंकियों ने किसी भी महिला को निशाना नहीं बनाया, केवल पुरुष पर्यटकों को चुन-चुन कर बेरहमी से मारा था और दुस्साहस करते हुए कहा था कि 'मोदी को बता देना', यहां तक की महिलाओं ने आतंकियों से बार-बार मिन्नतें कीं कि उन्हें भी मार दो, पति नहीं रहा तो वो भी अब जिंदा रहकर क्या करेंगी।

22 अप्रैल मंगलवार के ठीक दो सप्ताह बाद मंगलवार देर रात 6 व 7 मई की रात भारतीय वायु सेना ने पाक पोषित आतंकियों के ठिकानों पर हमला कर साबित कर दिया की 26 निर्दोष लोगों की हत्या के दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। हम बात कर रहे हैं 'ऑपरेशन सिंदूर' की कि ऑपरेशन सिंदूर कोई अचानक दिया गया नाम नहीं है। पहलगाम घटनाक्रम के ठीक बाद से देश के हर नागरिक का खून उबाल मार रहा था क्योंकि इस

बार आतंकियों की नजरों में दुश्मन बने भारतीय सैनिक नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर घूमने गए पर्यटकों को निशाना बनाया गया था।

देश के हर नौजवान से लेकर बुजुर्ग तक मांग कर रहे थे कि भारत को जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन यह विवाद दो लोगों के बीच नहीं, बल्कि दो देशों के बीच सक्रिय आतंकवाद और उनके हुक्मरान पर चोट करने का था। लिहाजा विदेश नीति, कूटनीति और हर प्रकार के लंबे मंथन के बाद ठोस रणनीति तय कर 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च किया गया। इस ऑपरेशन में सिंदूर शब्द विधवा हुई महिलाओं के सुहाग यानी उनके दिवंगत पति के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। पहलगाम में विधवा हुई हर वह महिला जिनका सिंदूर उनकी आंखों के सामने बेरहमी से मिटा दिया गया, जिनके हाथों की चूड़ियां पति को मुखाग्नि देने से पूर्व तोड़ दी गईं, उन सभी के लिए एयर फोर्स के 'ऑपरेशन सिंदूर' सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस कार्रवाई से भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया की जिस समय देश का खून उबाल मार रहा था और हर भारतवासी सरकार से हिसाब मांग रहा था, तब सरकार सोई नहीं थी और न ही 26 लोगों की हत्या को भूली थी। केवल इंतजार था माकूल जवाब देने के लिए एक मुनासिब वक्त का और इंडियन एयरफोर्स ने आखिर वह कर दिखाया जिसका हम सभी को इंतजार था। पहलगाम में मारे गए लोगों को कभी नहीं भुलाया जा सकता है, लेकिन दुश्मन को यह कड़ा संदेश दे दिया गया है कि जब-जब भारत के अस्तित्व और सम्मान पर कोई चोट करेगा तो भारत रुकेगा नहीं, बल्कि दुश्मन को उसके घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब देगा।

किसी के माथे का सिंदूर न मिटने देंगे मिटाया तो घर में घुस के मारेंगेः रेखा

ऑपरेशन सिंदूर पर सीएम की अध्यक्षता में दिल्ली कैबिनेट में प्रस्ताव पास, पीएम-सेना को बधाई

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी पर दिल्ली सचिवालय में दिल्ली कैबिनेट ने प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री मोदी और सेना को बधाई दी है। दिल्ली कैबिनेट द्वारा पारित इस प्रस्ताव में कहा गया कि दिल्ली कैबिनेट 'ऑपरेशन सिंदूर' को क्रियान्वित करने में भारतीय सशस्त्र बलों को नेतृत्व और समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति हार्दिक आभार और प्रशंसा व्यक्त करती है।

रेखा गुप्ता ने कहा कि किसी माथे का सिंदूर न मिटने देंगे, मिटाया तो घर में घुस के मार देंगे। दिल्ली सरकार भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों के अपराधियों को सफलतापूर्वक बेअसर करने के लिए हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी, सटीकता और देशभक्ति की सराहना करती है। भारत आतंकवाद के सामने एकजुट है और यह ऑपरेशन हमारी ताकत, एकता और हमारे लोगों और हमारी भूमि की रक्षा करने के संकल्प का प्रमाण है। सीएम रेखा गुप्ता ने बैठक के बाद कहा कि बुधवार को हाल ही में पहलगाम, जम्मू और कश्मीर में हुए दुखद

आतंकवादी हमले के मद्देनजर कैबिनेट बैठक बुलाई गई थी, इस हमले में 26 नागरिकों की जान चली गई थी। कैबिनेट, पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है और राष्ट्रीय शोक की इस घड़ी में उनके साथ खड़ी है। सीएम रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा कि किसी माथे का सिंदूर न मिटने देंगे, मिटाया तो घर में घुस के मार देंगे। ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में मारे गए उन बेगुनाह 26 लोगों को श्रद्धांजलि है। देश के वीर सैनिकों को नमन, पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को नमन।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सचदेवा ने की सराहना

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने भारतीय सेना, भारत सरकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई दी है और कहा है कि यह हमारे सैन्य बलों के पराक्रम इतना श्रेष्ठ है कि

इतने बड़े 'ऑपरेशन' सिंदूर में वायुसेना ने अपने सभी पूर्व निर्धारित आतंकी ठिकानों को तो नष्ट कर डाला पर किसी सामान्य नागरिक को क्षति पहुंचे ऐसी कोई चूक नहीं की। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि गत लगभग 2 सप्ताह से 140 करोड़ भारतीय आतंक के सरपरस्त पाकिस्तान पर जिस सैन्य कार्रवाई का बेताबी से इंतजार कर रहे थे, वह भारत के जाबांजों ने प्रधानमंत्री मोदी के सफल नेतृत्व में पूरा कर दिखाया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत तक जाकर जिस तरह आतंक पर एक निर्णायक प्रहार किया गया है, उसने 2016 एवं 2019 के हमलों की याद ताजा कर दी है। दिल्ली भाजपा के सभी कार्यकर्ता भारतीय सेना के प्रति आभारी हैं और सैनिकों को आश्वस्त करते हैं की पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

कंधार कांड में छोड़ा गया मसूद अजहर भारत के लिए अभी तक बना हुआ है नासूर

अपहरण कांड के ऑपरेशन में आईबी में रहते अजित डोभाल निभा चुके हैं महत्वपूर्ण भूमिका...

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): भारतीय सेनाओं ने मंगलवार की देर रात 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर पाकिस्तान में पोषित आतंकी ठिकानों पर हमले कर उनकी कमर तोड़ दी और ऑपरेशन के बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। खास बात यह है कि इस हमले में पाकिस्तान के बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के परिवार सहित 14 लोगों की मौत बताई जा रही है।

ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने वाली भारतीय वायु सेना की बात करें तो पहलगाम घटना के बाद से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, सीडीएस, तीनों सेनाओं के प्रमुख, रक्षा मंत्री, गृहमंत्री की अनेक बार सामूहिक और बारी-बारी से बैठक हुईं थीं। करीब दो सप्ताह तक चले कड़े मंथन के बाद, गुप्तचर ब्यूरो से मिले इनपुट मिलने के बाद आतंकी ठिकानों पर मंगलवार रात कार्रवाई कर दी गई। इस कार्रवाई का श्रेय मुख्य रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल को भी जाता है, जोकि आईबी में अपने कार्यकाल के दौरान न केवल पाकिस्तान में कई वर्षों

पुलवामा एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर इनकी अगुआई का है अहम हिस्सा

तक रहे। कंधार में अपहरण कर ले जाए गए भारतीय विमान में यात्रियों को सुरक्षित लेकर आने के समय भी ऑपरेशन में स्वयं अजित डोभाल आईबी की तरफ से अहम भूमिका में रहे थे। उस समय की परिस्थिति को देखते हुए बेशक मसूद अजहर को मजबूरन छोड़कर यात्रियों को विमान सहित भारत लाया गया, लेकिन 1999 से ही मसूद अजहर भारत की सुरक्षा के लिए नासूर बना हुआ है। मसूद की अगुआई में न जाने कितने आतंकी जैश ए मोहम्मद से जुड़कर भारत के विरुद्ध तैयार किए। संसद हमला, पठानकोट हमला और पुलवामा हमले में भी मसूद अजहर की संलिप्तता रह चुकी है। वर्तमान में अजित डोभाल भारत सरकार में एनएसए हैं जिनके मार्गदर्शन में भारतीय सेना अनेक ऑपरेशन चला चुकी है, पुलवामा अटैक के बाद हुई एयर स्ट्राइक के पीछे भी अजित डोभाल की भूमिका किसी से छिपी नहीं रही। आतंकवाद और आतंकियों के आकाओं का पूरा लेखा-जोखा डोभाल से छिपा नहीं रह गया, विशेष रूप से पाकिस्तान या एशिया में पनपते आतंकवाद की बात करें तो उसके खात्मे के लिए यह कहना गलत नहीं होगा कि पल-पल की गतिविधि और अनुभव डोभाल से अधिक शायद ही किसी दूसरे भारतीय के पास हो। पाकिस्तान में रहकर अनेक वर्षों तक आईबी में विभिन्न पदों पर डोभाल पाकिस्तान और वहां पोषित आतंकवाद से भली भांति परिचित हैं। ऐसे में 1999 के बाद भारत में जेल से मजबूरन छोड़े गए मसूद अजहर पर डोभाल की पैनी निगाह है और वह दिन दूर नहीं कि जब उनकी कार्यकुशलता, अनुभव और इनपुट के चलते हमारे देश की सेनाएं न केवल मसूद अजहर, हाफिज सईद और सैयद सलाहुद्दीन को, बल्कि उनके नेटवर्क को भी ध्वस्त कर देंगी।

भारत अब चुप नहीं बैठेगा, आतंक के हर ठिकाने को मिलेगा जवाबः कपिल मिश्रा

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): भारत अब चुप नहीं बैठेगा, आतंक के हर ठिकाने को जवाब मिलेगा। यह बात दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को देश की सेना द्वारा किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पूरे देश को पता था कि कश्मीर के पहलगाम की घटना के बाद पीएम मोदी आतंकियों और उनके आकाओं को नहीं छोड़ेंगे।

इस ऑपरेशन के बाद एक चुटकी सिंदूर की कीमत आतंकवादियों को बहुत अच्छे से समझ में आ गयी होगी। जिन आतंकियों ने नाम और धर्म पूछ-पूछकर मासूमों को मारा था, अब उनका कोई नाम लेने वाला भी जीवित नहीं बचा है। कपिल मिश्रा ने कहा कि पूरी दुनिया आज भारत के सैन्य पराक्रम को देख रही है।

पहलगाम अटैक में उन आतंकवादियों ने कहा था कि जाकर मोदी को बता देना और आज पीएम मोदी ने बता दिया है कि ये नया भारत है, अगर उंगली उठाओगे तो हाथ तोड़ दिया जायेगा। इंटरनेशनल बॉर्डर क्रॉस करके भारत की वीर सेना ने आतंकवादियों के अड्डे को नष्ट किया है।

भारतीय सेना व वीर जवानों पर गर्वः केजरीवाल

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी ने 'ऑपरेशन सिंदूर" की कामयाबी पर भारतीय सेना को बधाई दी है। पहलगाम हमले के जवाब में मंगलवार की आधी रात भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर" को सफल कर अपनी वीरता का परिचय दिया और पाकिस्तान में चल रहे कई आतंकी ठिकाने को तबाह कर दिया। इस कामयाबी पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, 'आप" दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज व दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी समेत अन्य नेताओं ने भारतीय सेना और वीर जवानों को बधाई देते हुए उनके पराक्रम को नमन किया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर 'ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता के लिए भारतीय सेना को बधाई दी और कहा कि हमें भारतीय सेना और अपने वीर जवानों पर गर्व है। आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में 140 करोड़ भारतवासी भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। भारतीय सेना का साहस, हर देशवासी का विश्वास है। हम सब साथ हैं। आतंकवाद के खिलाफ़ एकजुट हैं।

हमारी सेना के साहस और वीरता को सलाम हैः सिसोदिया

'आप' के वरिष्ठ नेता व पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर" को लेकर एक्स पर कहा कि भारतीय सेना और हमारे वीर जवानों ने एक बार फिर हमें गर्व से भर दिया है। ये सिर्फ आतंकवादी हमले का जवाब नहीं है, बल्कि हर एक भारतीय के सम्मान की रक्षा भी है। हमारी सेना के साहस और वीरता को सलाम है। आज गर्व के साथ पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। जय हिंद, जय भारत।

140 करोड़ देशवासी भारतीय सेना के साथ खड़े हैंः मान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 'ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता पर एक्स पर कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में पूरा देश एकजुट है। हमें अपनी भारतीय सेना और अपने बहादुर सैनिकों पर गर्व है। 140 करोड़ देशवासी भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। पंजाब के लोग सैनिकों के साहस और उत्साह के लिए देश की सेना के साथ खड़े हैं।

भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना पर हमें गर्वः सौरभ

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने 'ऑपरेशन सिंदूर" पर

कहा कि पूरे भारत के 140 करोड़ भारतीयों को आज भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना पर बहुत गर्व है। मेरा मानना है कि यह सही समय है, जब पाकिस्तान में चल रही आतंक की फैक्ट्री को खत्म किया जाए। पीओके में में आतंकवादियों को ट्रेनिंग दी जाती है और कट्टरपंथी बनाया जाता है और आतंकवादियों को लॉन्च पैड्स के जरिए भारत में भेजा जाता है।

ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर सेना को बधाईः आतिशी

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने एक्स पर कहा कि जय हिंद की सेना। ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर भारतीय सेना को बधाई। आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में पूरा देश भारतीय सेना के साथ खड़ा है। वहीं, 'आप' के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की शुभकामनाएं भारतीय सेना के साथ हैं। हम सब सेना के साहस को सिर झुका कर नमन करते हैं।

दुश्मनों को जवाब देने में भारतीय सेना पूरी तरह से सक्षमः देवेन्द्र

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि भारत की तीनों सेनाएं बहुत मजबूत है और जो भी देश की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने के लिए आतंकवादी गतिविधियों को देश में प्रायोजित करेगा उसका माकूल जवाब देने के लिए

भारतीय सेनाएं पूरी तरह से सक्षम है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने हमारे 26 निहत्थे लोगों को निशाना बनाया था। उनकी शहादत का बदला हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत बखूबी ले लिया। हमें अपनी सेना पर गर्व हैं क्योंकि कर्नल सोफिया कुरेशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह जैसी जाबांज महिलाएं भी भारतीय सेना में मौजूद है। जो इस संकट के समय पुरुष सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की रक्षा के लिए तैयार खड़ीं है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी जी ने 22 अप्रैल को ही देश के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता दिखाते कहा था कि हम देश के साथ है और देश जो भी जवाबी कार्यवाही करेगा, उसको हमारा पूर्ण समर्थन रहेगा। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने समय समय पर देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाते हुए दुश्मनों की कायराना हरकतों का मुहतोड़ जवाब दिया है। हम सेना और उसके प्रत्येक जवान के जज्बे को सलाम करते है और हमें पूरा विश्वास है कि यदि भविष्य में कभी कोई आतंकवादी देश की तरफ आंख उठाकर देखने की कोशिश भी करेगा तो उसका इसी प्रकार पटलवार जवाब दिया जाएगा।

सेना के शौर्य से चौड़ा हुआ भारतीयों का सीना सोशल मीडिया पर गूंजा 'ऑपरेशन सिंदूर'

पहलगाम का बदला लेने पर यूजर्स हुए भारतीय सेना के शौर्य के मुरीद

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): भारत ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक कर कई आतंकी कैंप को नष्ट कर पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया। जब पूरा देश सो रहा था, तब भारतीय सेना और वायुसेना ने मिलकर पाकिस्तान के करीब 9 आतंकी ठिकानों पर मिलाइलें बरसा दीं। भारत ने पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ जो एक्शन लिया है, उसका नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' रखा गया। वहीं जैसे ही देशवासियों को इस एयर स्ट्राइक की जानकारी लगी तो सोशल मीडिया पर भारतीय सेना के शौर्य व साहस की तारीफ होने लगी। इस दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर' व 'धर्मो रक्षति रक्षितः' ट्रेंड होने लगा। इसके अलावा भी बुधवार दिन भर भारतीय सेना व पीएम मोदी की तारीफ में तरह तरह के हैशटैग सोशल मीडिया पर ट्रेंड होते रहे। एक्स प्लेटफार्म ही नहीं, लोगों ने अपने वाट्सअप पर ऑपरेशन सिंदूर का डीपी रातों रात बदल डाला, साथ ही जय हिन्द, भारत माता की जय के स्लोगन की बाढ़ आ गई।

सोशल मीडिया पर 'ऑपरेशन सिंदूर' की धमक

जैसे ही देशवासियों को भारत द्वारा पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की जानकारी मिली, पूरा सोशल मीडिया भारतीयता व देशभक्ति के रंग में डूब गया। सुबह से शुरू हुआ ऑपरेशन सिंदूर का ट्रेंड पूरे दिन सोशल मीडिया पर छाया रहा। इस दौरान जहां इस हैशटैग ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेना व सरकारी की जमकर तारीफ हुई वहीं पाकिस्तानी सेना व सरकार पर तरह तरह के तंज कसे गए।

'धर्मो रक्षति रक्षितः' भी हुआ ट्रेंड

भारतीय सेना के पराक्रम के बाद सोशल मीडिया पर 'धर्मो रक्षति रक्षितः" भी ट्रेंड होता रहा। हालांकि यह पूरा श्लोक नहीं है। धर्मो रक्षति रक्षितः एक लोकप्रिय संस्कृत वाक्यांश है, जिसका उल्लेख महाभारत और मनुस्मृति में देखने को मिलता है। इसका अर्थ है अगर हम धर्म की रक्षा करते हैं तो वह हमारी रक्षा करता है। यह श्लोक भारत के एयर स्ट्राइक करने के बाद सोशल मीडिया पर 'धर्मो रक्षति रक्षितः" श्लोक ट्रेंड करने लग गया और और भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे।

ट्रेंड हुए ये हैशटैग

भारत की एयर स्ट्राइक के बाद एक्स पर हैशटैग 'पहलगाम टेरर अटैक' भी ट्रेंड होता रहा। दरअसल भारत सरकार ने इस ऑपरेशन को 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले का प्रतिशोध बताया है। इस हैशटैग के तहत लोगों ने हमले की निंदा की और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई। इसके अलावा जस्टिस फॉर पहलगाम भी लगातार एक्स पर ट्रेंड करता रहा। भारत की एयर स्ट्राइक के बाद जहां पूरी दुनिया भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को देख हैरान रही, वहीं पूरा सोशल मीडिया भारतीय यूजर्स द्वारा देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

आतंकियों के ठिकानों पर हमला सराहनीय व वंदनीयः एबीवीपी

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिन्दूर' के अंतर्गत आतंकवाद के विरुद्ध की गई सटीक, संयमित और अनुपातिक सैन्य कार्रवाई का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह अभियान हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए जघन्य आतंकी हमले के जवाब में संचालित किया गया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में स्थित नौ प्रमुख आतंकी ठिकानों को लक्षित कर उन्हें सफलतापूर्वक निष्क्रिय किया। इस अभियान के दौरान किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को लक्ष्य नहीं बनाया गया, जिससे भारत की कूटनीतिक परिपक्वता, सैन्य अनुशासन और अंतरराष्ट्रीय मर्यादाओं के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय मिलता है।

तिरंगा-भगवा यात्रा निकाली

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा एकजुट होकर पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा चलाए गए 'आपरेशन सिंदूर' की सराहना करते हुए लड्डू बांटे और उत्साहपूर्वक तिरंगा एवं भगवा यात्रा निकाली। मार्च की अगुवाई यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट के कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रवादी शिवसेना व वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान गोयल ने कहा कि यह केवल विरोध नहीं, बल्कि यह संदेश है कि देश के वीर जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। चौक पर चारों ओर राष्ट्रध्वजों की अनुपम छटा देखने को मिली, जिससे सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत हो उठा। तिरंगे झंडों के साथ साथ भगवा ध्वज भी लहराए गए, जो भारतीय संस्कृति और राष्ट्र गौरव का प्रतीक रहे। इस अवसर पर धर्मेन्द्र बेदी, ईश्वर चौधरी, महेन्द्र मनचंदा, मनदीप गोयल, शंकर लाल अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, महंत श्याम गिरी महाराज आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ऑपरेशन सिंदूर... भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक कर 9 आतंकी ठिकानों को किया तबाह

भागता फिर रहा आतंकी मसूद अजहरः सिरसा

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक कर 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। इस एयर स्ट्राइक का नाम दिया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की इस जवाबी कार्रवाई के बारे में दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के सफलतापूर्ण संपन्न होने के बाद आतंकवादी मसूद अजहर चूहे की तरह सुरक्षा पाने के लिए इधर से उधर भाग रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने आतंकियों को पहले ही चेतावनी दी थी कि घर में घुसकर मारेंगे। भारतीय सेना ने घर में घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। पाकिस्तान के आतंकियों ने पहलगाम में हमारा धर्म पूछकर मारा था। लेकिन, हमारी सेना ने धर्म पूछकर नहीं आतंक पूछकर मारा है। पाकिस्तान को अब समझ जाना चाहिए कि अगर वह आतंकी का साथ देते हैं तो खाक में मिला दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अगर फिर से नापाक हरकत करने की कोशिश की तो उसे करारा जवाब बार-बार मिलेगा। पुरानी सरकारों की तरह हम गलती नहीं करने वाले हैं। यह पीएम मोदी का भारत है, जो घर में घुसकर मारता है। आज देशभर के लोग पीएम मोदी के साथ मजबूती से खड़े हैं क्योंकि, वह आतंकियों को खत्म करने की बात करते हैं। मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि पाकिस्तान ने अगर कोई कदम उठाया तो गुरुद्वारे के लिए वीजा की जरूरत नहीं पड़ेगी, वह भारत का हिस्सा बन चुका होगा।

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जम्मू-कश्मीर में हुई बेगुनाहों की हत्या का बदला लिया है। भारत सरकार द्वारा की गई इस कार्रवाई के समर्थन में फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन के व्यापारी गुरुवार को सुबह 11:30 बजे कुतुब रोड चौक से तिरंगा मार्च निकालेगा। जिसके बाद फेडरेशन द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

-परमजीत सिंह पम्मा
चेयरमैन, फेस्टा

देश की सेना और सरकार पर हमें गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों के 9 ठिकानों को नेस्तानाबूद कर दिया। देश के प्रधानमंत्री जो कहते हैं करके दिखाते हैं, अब आतंकवादियों और उनके पीछे खड़े आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा। उसी का एक उदाहरण यह ऑपरेशन सिंदूर था। हम चाहते हैं कि बचे हुए आतंकी ठिकानों को भी जल्द मिट्टी में मिला दिया जाए।

- कुलदीप सिंह भोगल, अध्यक्ष, दंगा पीड़ित राहत कमेटी

देश के पीएम नरेंद्र मोदी की सूझ-बूझ का ही असर है कि आज दुनिया के अधिकांश देश भारत के साथ खड़े हैं, देश के भीतर भी सभी राजनीतिक दल एक साथ सेना व सरकार के साथ खड़े हैं। पीएम का अटूट संकल्प और भारतीय सेना की सूझबूझ के कारण ऑपरेशन सिंदूर संभव हुआ। हमें यकीन है कि मोदी जी हैं तो आतंकवाद का खात्मा निश्चित होगा।

-बलबीर सिंह, मंत्री, भाजपा दिल्ली प्रदेश

सेंसेक्स 106 अंक चढ़ा

मुंबई, (पंजाब केसरी): पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को कारोबार बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा।

हालांकि, मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के अंत में 105.71 अंक यानी 0.13 प्रतिशत चढ़कर 80,746.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 80,844.63 अंक के ऊपरी स्तर तक गया और 79,937.48 अंक के निचले स्तर तक आया।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 34.80 अंक यानी 0.14 प्रतिशत बढ़कर 24,414.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 24,449.60 के उच्च स्तर और 24,220 के निम्न स्तर के बीच घूमता रहा। व्यापक बाजार के सूचकांक भी शुरुआती दौर में आई बड़ी गिरावट से उबरने में सफल रहे और एक प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुए।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि आतंकवादी हमले का जवाब सैन्य कार्रवाई से देने के बाद कारोबारी सत्र की शुरुआत बड़ी गिरावट के साथ हुई थी। लेकिन बाद में यह तेजी से नुकसान की भरपाई करने में सफल रहा और बढ़त के साथ बंद हुआ।

निवेशकों को घबराहट से बचने की सीख दी

मुंबई, (पंजाब केसरी): मनीष गोयल, फाउंडर एवं एमडी, इक्वेंटिस वेल्थ एडवायजरी सर्विसेज़ का कहना है कि निवेशक अब भी इस सवाल से परेशान हैं कि अगला करेक्शन कब आएगा।2017 जैसे वर्षों में, जब कोई बड़ा करेक्शन नहीं आया, निफ्टी ने जबरदस्त रिटर्न दिया। यहां तक कि कोविड जैसी बड़ी गिरावट के बाद भी अगले साल इंडेक्स में 70% से ज्यादा का उछाल देखने को मिला। निवेशकों के लिए सीख है कि सुधार के समय घबराहट में बेचने से बचें।

स्टेलेटोज ने फरीदाबाद में खोला नया स्टोर

फरीदाबाद, (पंजाब केसरी): भारत के अग्रणी पारिवारिक फुटवियर ब्रांडों में से एक स्टेलेटोज, फरीदाबाद, हरियाणा में अपने नवीनतम स्टोर के उद्घाटन की घोषणा करते हुए उत्साहित है। दिल्ली एनसीआर, देहरादून, लखनऊ, कानपुर, इंदौर, कुर्ला, चंडीगढ़, अमृतसर, पटियाला, पठानकोट लुधियाना, बठिंडा और रुद्रपुर में ग्राहकों से जबरदस्त प्यार और समर्थन प्राप्त करने के बाद स्टेलेटोज को फरीदाबाद के जीवंत शहर में अपनी पहुंच बढ़ाने पर गर्व है, जो आराम, शैली और सामर्थ्य का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करता है।कंपनी के सीईओ हरप्रीत सिंह ने कहा, "दिल्ली और पंजाब के बाद, हरियाणा स्टेलेटोज के लिए सही जगह लग रही है।" "दिल्ली और उत्तराखंड के प्रमुख शहरों से जबरदस्त प्रतिक्रिया के साथ, हम अपने ब्रांड को फरीदाबाद में लाने पर प्रसन्न हैं।" 2004 में राजौरी गार्डन, दिल्ली में अपने पहले स्टोर के साथ लॉन्च होने के बाद से, स्टेलेटोज ने काफी विकास किया है। एक पारिवारिक फुटवियर ब्रांड के रूप में शुरू हुआ यह ब्रांड दिल्ली के सबसे लोकप्रिय बाजारों, करोल बाग, लाजपत नगर, कमला नगर, सरोजिनी नगर और रानी बाग में कई स्टोर के साथ एक रिटेल पावरहाउस बन गया है।

ऑप्रेशन सिंदूर की सफलता के लिए सीएम सुक्खू ने सुरक्षा बलों को दी बधाई

शिमला, विक्रांत सूद (पंजाब केसरी): मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भारतीय सेना द्वारा ऑप्रेशन सिंदूर के सफल संचालन के उपरान्त आज यहां एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

मुख्यमंत्री ने 'ऑप्रेशन सिंदूर' के सफल संचालन के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने देश की सेनाओं पर गर्व है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, खाद्यान्न आपूर्ति, संचार व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, आपदा प्रबन्धन, स्वास्थ्य सेवाएं सहित विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की तथा विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था तथा विभिन्न प्रबन्धों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी जिलों के उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।बैठक में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चन्द शर्मा, पुलिस महानिदेशक डॉ. अतुल वर्मा और विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

अर्थजगत

चावलों व दालों में उछाल, गेहूं में तेजी, गुड़-शक्कर में बढ़त

नई दिल्ली, (एनएनएस) निर्यात मांग बढ़ने से 1121 चावल 200 रुपए उछल गया। आटा मिलों की मांग से गेहूं 25 रुपए तेज हो गये। दाल मिलों की मांग से मसूर व मूंग के भाव 25/200 रुपए क्विंटल छलांग लगा गये। जबकि उठाव घटने से काबली चना 100/200 रुपए नीचे आ गया। आपूर्ति में कमी आने से गुड़ व खांडसारी के भाव 50/100 रुपए बढ़ गये। जबकि उठाव न होने से चीनी में 10/25 रुपए निकल गये।

अनाज-दाल : गेहूं एमपी देशी 3800/4000, दड़ा (मिल पहुंच)2700/2705, चक्की (पहुंच) 2708/2710, आटा चक्की (10 किलो)(जीएसटी सहित) 265/270, रोलर फ्लोर मिल आटा (50 किलो) 1490/1500, मैदा (50 किलो) 1520/1530, सूजी (50 किलो) 1660/1670, चोकर (48 किलो)1190/1200, चावल: बासमती लालकिला 14000, स्वाद 9000, शरबती सेला 4700/4800, स्टीम 5200/5300, (1121 नं.) चावल सेला 7700/7800, स्टीम 8600/8700, सोर्टेक्स 8800/8900, (1509 नं.) चावल सेला 5800/5900, स्टीम 6600/6700, बासमती (1718) सेला 6300/6400, बाजरा: कैटलफीड 2400/2420, ज्वार: पीली 2500/2550, सफेद 3300/3500, मक्की: एमपी 2400/2415, बिहार 2400/2425, जौ : 2325/2350, दाल उड़द: छिलका (लोकल) 8900/9700, बढिय़ा 10000/11000, धोया लोकल 9000/9500, दाल मूंग: छिलका 9000/9500, बढिय़ा 10200/11700, दाल मसूर: लोकल 7300/7400, बढिय़ा 7500/7600, मलका: लोकल 7100/7200, बढिय़ा 7300/7400, मोठ 5125/5150, दाल अरहर: दड़ा 8900/9400, पटका 9700/10400, चना (खड़ी मोटर) राजस्थान 5800/5825, चनादाल: लोकल 6600/6625, बढिय़ा 6725/6825, बेसन (35 किलो) (जीएसटी अतिरिक्त): एग्रोप्योर 2680, राजमा चित्रा: चीन 10300/10800, पुणे-भूटान 7800/11000, काबली चना: छोटा 6000/6200, मीडियम 6600/6900, लोबिया: ब्राजील 7400/7700, मटर: सफेद देशी &, विदेशी 3950/4000

कल क्या होगा?

नई दिल्ली, (एनएनएस) शुक्रवार बैसाख सुदी द्वादशी को बासमती एवं गैर बासमती चावल, जौ, जई, देशी घी, दूध पाउडर, मक्की, बाजरा, मोठ, मसूर, देशी चना, राजमा चित्रा, ग्वार, ग्वार गम, शर्मिली, कालीमिर्च, किशमिश, छोटी इलायची, मेथी, सौंफ, हल्दी, जायफल, जावित्री, बड़ी इलायची, बादाम, कॉपर, पीतल, सीसा में लाभ तथा गेहूं, मूंग, उड़द, तुवर, सरसो, सोया, बिनौला, सूरजमुखी तेल, लोबिया, चिरौंजी, अंजीर, अमचूर, लौंग, लालमिर्च, गोंद, जीरा, दालचीनी, धनिया, गोला, पिस्ता, टिन, निकिल, सोना-चांदी आदि में हानि हो सकती है। भाग्यांक 3-4-7-8 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 11.36 बजे पूर्वाहन से पहले यात्रा करना लाभप्रद होगी।

तिलहन और तेल : सरसों 6050/6100, खली एक्सपेलर: सरसों 2200/2475, बिनौला 3500/3800, डिऑयल्ड एक्सटेरक्शन (टन): राइसब्रान कंटीन्यूस 9700/9800, सरसों 19000/19400, सोयाबीन पीला 32300/32800, सूरजमुखी 23000/23500, मूंगफली (40-45 प्रश.) 24000/26000, राईसब्रान (प्रति यूनिट) 155/156, खाद्य तेल (जीएसटी अतिरिक्त): मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड (टीन) 2400/2650, सरसों तेल (टीन) 2150/2300, सरसों एक्सपेलर 13000, तिल तेल 14200, सोयाबीन रिफाइंड मिल डिलीवरी 13000, सोया रिफाइंड (टीन) 2040/2150, सनफ्लावर 2200/2300, गोला तेल (टीन) 4450/4700, अरंडी 13400/13500

लोहा व इस्पात : सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 68900, (10 एमएम) 67700, (12 एमएम) 65400, (16-25 एमएम) 66600, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस): (8 एमएम) 391, (10) 600, (12) 848, (16) 1508, (20 एमएम) 2358, (25 एमएम) 3681, अम्बा शक्ति -500 एसडी: (8 एमएम) 68700, (10 एमएम)66500, (12 एमएम) 66100, (16-25 एमएम) 66000, (32 एमएम) 66400, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 68500, (10) 66400, (12) 65900, (16-25) 65000, (32) 65800, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 68400, (10) 65600, (12) 66100, (16-25) 67700, (28-32) 65400, बिरला (8 एमएम) 69300, (10 एमएम) 66200, (12 एमएम) 66000, (16-25 एमएम) 65100, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 68300, (10 एमएम) 67100, (12 एमएम) 64800, (16-25 एमएम) 66000, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 68300, (10 एमएम) 67100, (12 एमएम) 64800, (16-25 एमएम)66000, चैनल: राना (जीएसटीअतिरिक्त) 48000, एमएस (केवीएस) (75&40) (100&50) 50500, जयभारत 49700, अनमोल 49700, बिरला 50000, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 53000, अनमोल 53000, टी-आयरन: राना 50000, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 40500, (साढ़े तीन इंच) 41000, (चार इंच) 41500, (पांच इंच) 42000, (छ: इंच) 42000, स्क्रैप: पुरानी 35500, मैल्टिंग स्क्रैप 37000, इंगट 41000, राउंड 47000

अलौह धातु : एंटीमनी: चीन &, कैडमियम: रॉड &, मैक्सिको &, प्लेट &, लैड (सीसा): बैट्री सफेद 106, बैट्री काला 89, देशी मुलायम 180/199, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 192/211, चार प्रतिशत 198/218, पी.पी.&, गन मैटल स्क्रैप: लोकल 634, मिक्स 644, जालंधर 664, स्टील बर्तन &, ब्रास (पीतल): हनी 539/573, रेडिएटर देशी 388, रेडिएटर विदेशी 390, चादरी देशी 526/561, पुर्जे स्क्रैप 509/544, टिन (रांग): इंगट मलेशिया &, इंडोनेशिया 2750, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 256, एजेड 262, आईजेड &, आईजे &,पीएमआई 234, ड्रास (ढीमा) 213, निकिल कैथोड: रसियन- (4&4) 1360, (8&8) 1365, (4&24) 1370, नार्वे (4&4) 1380, (4&24) 1385, कॉपर (तांबा): आरमेचर प्लांट 794, भटठी 792, सीसी 867, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 237, शीट कटिंग 225, वायर स्क्रैप 230, बर्तनफूट 203, पुर्जाफूट 195, रॉड: लोकल 242, कम्पनी 251

सब्जियों की कीमतों में नरमी से अप्रैल में भोजन की लागत कम हुई : रिपोर्ट

मुंबई, (पंजाब केसरी): इस साल अप्रैल में सब्जियों की कीमतों में नरमी से घर में बने भोजन की लागत में कमी आई है।एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई।घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक इकाई ने अपनी रिपोर्ट 'रोटी चावल कीमत" में कहा कि अप्रैल में एक सामान्य शाकाहारी थाली की लागत सालाना आधार पर चार प्रतिशत और मासिक आधार पर एक प्रतिशत कम होकर 26.3 रुपये रह गई।सब्जियों की कीमतों में तेज गिरावट के कारण भोजन सस्ता हुआ। इस दौरान टमाटर 34 प्रतिशत, आलू 11 प्रतिशत और प्याज छह प्रतिशत सस्ता हुआ।रिपोर्ट में कहा गया कि उच्च आयात शुल्क के कारण वनस्पति तेल की कीमतों में 19 प्रतिशत और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में छह प्रतिशत की वृद्धि ने थाली की लागत में गिरावट को सीमित किया।

इसके मुताबिक, मांसाहारी थाली की कीमत में सालाना आधार पर चार प्रतिशत और मासिक आधार पर दो प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 53.9 रुपये प्रति थाली पर आ गई है।रिपोर्ट कहती है कि मांसाहारी भोजन की कीमत में गिरावट सब्जियों और पॉल्ट्री की कीमतों में कमी के कारण हुई, जो कुछ प्रायद्वीपीय राज्यों में बर्ड फ्लू के कारण मांग प्रभावित होने के कारण अधिक आपूर्ति के कारण प्रभावित हुई है।क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पुशन शर्मा ने कहा, "आने वाले दिनों में मजबूत घरेलू उत्पादन के बीच गेहूं और दालों की कीमतों में नरमी आने की उम्मीद है।

नोएडा में जारी हुआ हाई अलर्ट, परखी गई सुरक्षा की तैयारियां,की गई मॉक ड्रिल

नोएडा, (पंजाब केसरी) : नोएडा पुलिस कमिश्नरेट को हाई अलर्ट पर रखते हुए बुधवार को नोएडा में कई अहम स्थानों पर मॉक अभ्यास किया गया। गौड़ सिटी मॉल में आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजते ही मॉल की बिजली बंद कर दी गई। मॉल में मौजूद लोगों को तुरंत सतर्क कर बाहर निकाला गया। इस दौरान बम निरोधक दस्ते (क्चष्ठस्) और नोएडा की पुलिस टीम पूरी तरह सक्रिय रही। मौके पर फायर ब्रिगेड भी पहुंची और इवैक्यूएशन प्लान के तहत रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। सिर्फ मॉल ही नहीं, नोएडा के अनेक स्कूलों में भी इस अभियान के तहत विशेष ड्रिल्स कराई गईं। नोएडा शहर के सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में फायर सेफ्टी टीम ने बच्चों को आग लगने की स्थिति में सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि आपदा के समय कैसे खुद को और दूसरों को सुरक्षित निकाला जाए।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने की वित्तीय परिणामों की घोषणा

मुंबई, (पंजाब केसरी): बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने सुदृढ़ आस्ति गुणवत्ता बनाए रखते हुए वित्त वर्ष'25 में निवल लाभ में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 10.1% की वृद्धि अर्जित की। बैंक का वैश्विक कारोबार 31 मार्च 2025 तक 27 लाख करोड़ रुपये के मील स्तंभ को पार कर चुका है। वित्त वर्ष 2025 में स्टैंडअलोन निवल लाभ बढ़कर 19,581 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, इसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 10.1% की वृद्धि दर्ज की गई।

मेटा ने निवेश फर्जीवाड़े में लिप्त 23,000 फेसबुक पेज, खाते हटाए

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने बुधवार को कहा कि मार्च में फर्जीवाड़े में लिप्त 23,000 से अधिक फेसबुक पेज और खातों को हटा दिया गया जिनका इस्तेमाल ब्राजील और भारत के लोगों को निशाना बनाने के लिए किया जाता था। फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया मंचों का संचालन करने वाली कंपनी मेटा ने कहा कि घोटालेबाजों ने ब्राजील और भारत में डीपफेक जैसी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर लोगों के साथ फर्जीवाड़ा करने की कोशिश की। मेटा ने कहा कि घोटालेबाज व्यक्तिगत वित्त के लोकप्रिय सामग्री निर्माताओं, क्रिकेट खिलाड़ियों और व्यापारिक हस्तियों को प्रौद्योगिकी की मदद से गलत ढंग से पेश कर घोटाले के निवेश ऐप और जुआ खिलाने वाली वेबसाइट का समर्थन कर रहे थे।

नोएडा के यमुना और हिंडन डूब क्षेत्र में निर्माण अवैध

नोएडा, (पंजाब केसरी) : नोएडा के हिंडन और यमुना नदी के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण पर कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए एसडीएम के नेतृत्व में एक टीम गठित की जाएगी। इस टीम में प्राधिकरण के सीनियर मैनेजर, सिचाई विभाग और पुलिस के अधिकारी शामिल होंगे। ये टीम सर्वे करेगी और अवैध निर्माण को ध्वस्त करेगी। इस टीम का काम डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण को रोकना भी है। प्राधिकरण ने बताया कि इसी सप्ताह से यमुना और हिंडन दोनों के डूब क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही देखने को मिल सकती है। बैठक में सीईओ नोएड प्राधिकरण के अलावा डीएम , एसडीएम , पुलिस और प्राधिकरण सर्किल अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान बताया गया कि अवैध निर्माण के चलते जब भी दोनों नदियों का पानी बढ़ता है यहां बाढ़ के हालात बन जाते है।

पीएम आवास योजना में भ्रष्टाचार पर उखड़े विष्णुदेव

- भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का संदेश, सुशासन तिहार में कार्रवाई से मची खलबली

रायपुर, आशीष शर्मा/पंजाब केसरी। विष्णु देव सरकार ने अपने सुशासन तिहार के दौरान भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जहां इस तरह के मामले मिल रहे हैं वहां दोषी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ऐसे तीन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कर दिया गया है। वहीं उन्हें सेवा से बर्खास्त भी कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े तीन संविदा कर्मचारियों द्वारा हितग्राहियों से रिश्वत मांगने और डरा-धमकाकर वसूली करने की शिकायतों की पुष्टि हो गई। मुख्यमंत्री ने बीते दिनों साफ कह दिया था कि पीएम आवास में किस तरह के रिश्वतखोरी की शिकायत आई तो कलेक्टरों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस मामले में तत्काल निर्णय करते हुए मुख्यमंत्री ने आवास मित्र के खिलाफ कार्रवाई कर दी। उन्होंने किस्त जारी करने आवास योजना के तहत 25 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। तहसीलदार की जांच में आवास मित्र नीरा साहू ने खुद ऑडियो में अपनी आवाज होने की बात स्वीकार की है।

इसी प्रकरण में एक रोजगार सहायक पर भी 10 हजार रुपए की मांग करने के आरोप लगाए गए हैं । उनके खिलाफ धमकाकर वसूली करने के प्रमाण मिले हैं। ग्रामीणों ने उनके खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। इनमें नीरा साहू के अलावा नारायण साहू और ईश्वरी साहू को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्काल आदेश भी जारी कर दिए। सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री ने योजनाओं के क्रियान्वयन में जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ ईमानदारी को प्राथमिकता देने पर जोर दिया है।

औद्योगिक सेक्टरों में अतिक्रमण हटाने को चलेगा अभियान

नोएडा, (पंजाब केसरी) : ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक सेक्टरों में अतिक्रमण हटाने के लिए जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और इंडियन एंट्रेप्रिन्योर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में परियोजना विभाग को यह निर्देश दिए। दरअसल, ग्रेटर नोएडा के उद्यमियों की समस्याओं को हल करने के लिए प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देष पर प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव उद्योग विभाग की टीम के साथ नियमित तौर पर अलग-अलग उद्यमियों और उनके संगठनों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का निस्तारण कर रहे हैं।

धूमधाम से मनाया गया बिंदु दारा सिंह का जन्मदिन

4 **मई**, रविवार को बॉलीवुड फिल्म अभिनेता बिंदु दारा सिंह का जन्मदिन मुंबई में बहुत धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कई फिल्मी सितारों जैसे पद्मिनी कोल्हापुरी, पल्लवी जोशी, मुकेश ऋषि, पुनीत ईश्वर, दीपक पाराशर, शाहाबाद खान, रजा मुराद, अभिनेत्री मुमताज, रवि किशन, राजेश वर्मा आदि ने शिरकत की। जन्मदिन उत्सव में बिंदु दारा सिंह के मित्र तरुण कुमार विकेश सेठी और बिन्नी गोयल भी वहां विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा बिंदु दारा की खुशियों को साझा किया। बिंदु दारा ने सहज रूप से आए हुए सभी फिल्मी अतिथियों का नाच कर और उन्हें नचाकर स्वागत किया। ज्ञात रहे बिंदु कई प्रसिद्ध फिल्मों में, टीवी धारावाहिक में और बिग बॉस जैसे रियलिटी शो में काम कर चुके हैं। अभी बिंदु पिछले कई वर्षों से दिल्ली की बड़ी रामलीलाओं में हनुमान के किरदार में दर्शकों का मन मोह लेते है।

R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

धोनी ने केकेआर की लुटिया डुबोई

कोलकाता, (पंजाब केसरी) : नूर अहमद की फिरकी के जादू के बाद डेवाल्ड ब्रेविस के तूफानी अर्धशतक से चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियर प्रीमियर लीग मैच में बुधवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को बेहद रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से हराकर मेजबान टीम की प्ले ऑफ में जगह बनाने की राह बेहद मुश्किल कर दी। इस जीत के साथ सुपरकिंग्स ने लगातार चार हार के क्रम को तोड़ा दिया लेकिन टीम अब भी 12 मैच में छह अंक के साथ अंतिम पायदान पर है।

नाइट राइडर्स की टीम 12 मैच में 11 अंक के साथ छठे स्थान पर है और अधिकतम 15 अंक जुटा सकती है। कप्तान अजिंक्य रहाणे (48), आंद्रे रसेल (38) और मनीष पांडे (नाबाद 36) की पारियों से नाइट राइट राइडर्स ने छह विकेट पर 179 रन बनाए जिसके जवाब में सुपरकिंग्स ने 60 रन पर पांच विकेट गंवाने के बावजूद डेवाल्ड ब्रेविस (52 रन, 25 गेंद, चार छक्के, चार चौके) के अर्धशतक और शिवम दुबे (45 रन, 40 गेंद, तीन छक्के, दो चौके) के साथ उनकी छठे विकेट की 67 रन की साझेदारी से 19.4 ओवर में आठ विकेट पर 183 रन बनाकर जीत दर्ज की। रहाणे ने 33 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े जबकि रसेल ने अपनी ताबड़तोड़ पारी के दौरान 21 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और चार चौके मारे।

अपनी पारी के दौरान शॉट लगाते चेन्नई सुपरकिंग्स के ब्रेविस।

नाइट राइडर्स की ओर से वैभव अरोड़ा ने 48 रन देकर तीन जबकि वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा ने क्रमश: 18 और 43 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए इससे पहले सुपरकिंग्स की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर नूर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 31 रन देकर चार विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे सुपरकिंग्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने तीसरे ओवर में 37 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए।

आयुश म्हात्रे (00) ने अरोड़ा की पारी की दूसरी ही गेंद पर हर्षित आणा को कैच थमाया। पदार्पण कर रहे उर्विल पटेल (31, 11 गेंद, चार छक्के, एक चौका) ने अरोड़ा पर छक्के से खाता खोला और फिर अगले ओवर में मोईन अली की लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका मारा। मोईन ने हालांकि सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (00) को बोल्ड कर दिया।सुपरकिंग्स ने रविचंद्रन अश्विन को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा। उर्विल ने हर्षित पर भी छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद को शॉर्ट थर्ड मैन पर वरुण चक्रवर्ती के हाथों में खेल गए। रविंद्र जडेजा ने हर्षित की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ पांचवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया लेकिन अश्विन (08) इसी ओवर में अंगकृष रघुवंशी के हाथों लपके गए।

चक्रवर्ती ने इसके बाद जडेजा (19) को बोल्ड किया जिससे सुपरकिंग्स स्कोर पावर प्ले में पांच विकेट पर 62 रन रहा।

स्कोर बोर्ड

कोलकाता नाइट राइडर्स		चेन्नई सुपरकिंग्स	
गुरबाज का. नूर बो. कंबोज	11	म्हात्रे का. हर्षित बो. अरोड़ा	00
नारायण स्टं. धोनी बो. नूर	26	डेवोन कॉनवे बो. मोईन	00
रहाणे का. कॉनवे बो. जडेजा	48	उर्विल का. वरुण बो. हर्षित	31
रघुवंशी का. धोनी बो. नूर	01	अश्विन का. रघुवंशी बो. हर्षित	08
मनीष पांडे नाबाद	36	रविंद्र जडेजा बो. चक्रवर्ती	19
रसेल का. ब्रेविस बो. नूर	38	ब्रेविस का. रिंकू बो. चक्रवर्ती	52
रिंकू सिंह का. म्हात्रे बो. नूर	09	दुबे का. रिंकू बो. अरोड़ा	45
रमनदीप सिंह नाबाद	04	महेंद्र सिंह धोनी नाबाद	17
अतिरिक्त :	06	नूर का. रिंकू बो. अरोड़ा	02
कुल : 20 ओवर में	6/179	अंशुल कंबोज नाबाद	04
विकेट पतन : 1/11, 2/69, 3/71, 4/103, 5/149, 6/167		**अतिरिक्त :**	05
		कुल : 19.4 ओवर में	8/183
		विकेट पतन: 1/0, 2/25, 3/37, 4/56, 5/60, 6/127, 7/170, 8/172	
गेंदबाजी : खलील 2-0-14-0, कंबोज 3-0-38-1, अश्विन 3-0-19-0, नूर 4-0-31-4, जडेजा 4-0-34-1, पथिराना 4-0-39-0.		**गेंदबाजी:** अरोड़ा 3-0-48-3, मोईन 2-0-23-1, हर्षित 4-0-43-2, चक्रवर्ती 4-0-18-2, नारायण 4-0-28-0, रसेल 2.4-0-22-0.	

रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

नई दिल्ली,(भाषा): रोहित शर्मा ने बुधवार को तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की जिससे सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर सभी अटकलें खत्म हो गईं। यह 38 वर्षीय खिलाड़ी अपने करियर के दूसरे हिस्से में भारत के सबसे सफल टेस्ट बल्लेबाजों में से एक था। रोहित ने 67 टेस्ट में 12 शतक और 18 अर्धशतक की मदद से 40.57 की औसत से 4301 रन बनाए। पिछले साल विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित अब भारत के लिए केवल वनडे प्रारूप में ही नजर आएंगे। रोहित ने पीटीआई की खबर ब्रेक करने के बाद अपने इंस्टाग्राम पर अपनी टेस्ट कैप के साथ एक फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, ''सभी को नमस्कार, मैं बस यह साझा करना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। सफेद जर्सी में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात रही है।'' उन्होंने लिखा, ''इतने सालों तक मिले प्यार और समर्थन के लिए आपका शुक्रिया। मैं वनडे प्रारूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना जारी रखूंगा।

4301 रन
67 टेस्ट मैच
12 शतक
18 अर्द्धशतक

- **अब भारत के लिए केवल वनडे प्रारूप में ही नजर आएंगे रोहित**

''रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत की कप्तानी की। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पिछली श्रृंखला और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला के अलावा कप्तान के रूप में उनका प्रदर्शन प्रभावी रहा। इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारत के पास एक नया टेस्ट कप्तान होगा जिसके संभावित उम्मीदवार जसप्रीत बुमराह, लोकेश राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत हो सकते हैं। रोहित ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान कठिन दौर का सामना किया, जहां उन्हें खराब फॉर्म के कारण अंतिम एकादश से बाहर होने का फैसला करना पड़ा। पर उन्होंने उस समय संन्यास लेने से इनकार कर दिया था। मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ उनके मतभेदों की भी काफी अटकलें रही थीं जिन्होंने पिछले साल जुलाई में कार्यभार संभालने के बाद भारतीय क्रिकेट में 'स्टार संस्कृति' खत्म करने की बात की थी। दोनों ने लगातार इस बात का खंडन किया। लेकिन गंभीर ने बार बार स्पष्ट किया है कि केवल प्रदर्शन ही टीम में चयन सुनिश्चित करेगा।

पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली के लिये 'करो या मरो' का मुकाबला

धर्मशाला, (भाषा): दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को 'करो या मरो' के मुकाबले में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी।

पिछले पांच मैचों में तीन हारने और एक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली 11 मैचों में 13 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है।अक्षर पटेल की कप्तानी वाली टीम अपने घरेलू मैदान अरूण जेटली स्टेडियम पर सिर्फ एक मैच सुपर ओवर में जीत पाई है। पहले चार मैच जीतने वाली दिल्ली की टीम को उम्मीद है कि मैदान बदलने से उसकी तकदीर भी बदलेगी। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बारिश में धुले पिछले मैच में दिल्ली की बल्लेबाजी ईकाई ने निराश किया। उसके शीर्ष पांच बल्लेबाज 29 रन के स्कोर पर पवेलियन में थे और आशुतोष वर्मा की पारी के दम पर ही टीम 133 रन बना सकी। पिछले मैच में करूण नायर से पारी की शुरूआत कराने का दाव भी नहीं चला और वह खाता भी नहीं खोल पाये । दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी गेंदबाजों की मददगार पिच पर शुरू ही से चौके छक्के लगाने के प्रयास में आउट हो गए । अभिषेक पोरेल अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं। वहीं अब तक 381 रन बना चुके केएल राहुल लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। अक्षर खुद जल्दी आउट हो गए थे । दिल्ली की बल्लेबाजी में हालांकि अभी भी गहराई है।

प्वाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
गुजरात टाइटंस	11	8	3	16
रायॅल चैलेंजर्स बेंगलुरु	11	8	3	16
पंजाब किंग्स	11	7	3	15
मुंबई इंडियंस	12	7	5	14
दिल्ली कैपिटल्स	11	6	4	13
कोलकाता नाइटराइडर्स	12	5	6	11
लखनऊ सुपर जाइंट्स	11	5	6	10
सनराइजर्स हैदराबाद	11	3	7	07
राजस्थान रॉयल्स	12	3	9	06
चेन्नई सुपर किंग्स	12	3	9	06

धर्मशाला हवाई अड्डा बंद, क्रिकेटर फंसे

नई दिल्ली/धर्मशाला, (पंजाब केसरी): पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद धर्मशाला हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद होने के कारण आईपीएल टीमों की यात्रा का कार्यक्रम प्रभावित हुआ है जिन्हें वहां खेलना है और बीसीसीआई इस अस्थिर स्थिति से निपटने के लिए अपने विकल्पों पर विचार कर रहा है। धर्मशाला में बृहस्पतिवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स का मैच होना है। इसके बाद 11 मई को पंजाब और मुंबई इंडियंस का मैच वहां खेला जाना है।मुंबई टीम का यात्रा कार्यक्रम भी अभी अनिश्चित है। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए शाम के मैच में 'फ्लडलाइट्स' का प्रयोग सुरक्षा मुद्दा है और इसका असर इस बात पर पड़ सकता है कि मैच तय कार्यक्रम के अनुसार होगा या नहीं।

- **आईपीएल टीमों की यात्रा प्रभावित**

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के एक सूत्र ने बताया कि हमें बीसीसीआई या केंद्र और राज्य सरकारों से कल के मैच को रद्द करने के बारे में कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। जब तक कोई आधिकारिक निर्देश नहीं मिलता, हम कार्यक्रम के अनुसार ही काम करेंगे। रविवार का मुकाबला अभी 'लॉजिस्टिक' चुनौती है क्योंकि एयरपोर्ट के अनिश्चितकालीन बंद होने के कारण मुंबई इंडियंस यात्रा करने की स्थिति में नहीं है। पता चला है कि बीसीसीआई मैच को मुंबई में स्थानांतरित करने के विकल्प पर विचार कर रहा है। पंजाब किंग्स के एक अधिकारी ने कहा कि हमें अभी तक स्थल परिवर्तन के बारे में नहीं बताया गया है। हम बीसीसीआई के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। धर्मशाला पंजाब किंग्स टीम का दूसरा घरेलू मैदान है।

ग्लोबल Window

भारत को आत्मरक्षा का पूरा हक

भारत को मिला इजराइल का साथ, बोला- आतंकियों को सबक सिखाना जरूरी

नई दिल्ली/बीजिंग, (एजेंसी) : पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत के ऑपरेशन सिंदूर का इजराइल ने खुलकर समर्थन किया है। भारत की कार्रवाई के समर्थन में इजरायल ने कहा है कि भारत को अपनी आत्मरक्षा का पूरा हक है। भारत में इजराइल के राजदूत रुवेन अजर ने बुधवार सुबह ट्वीट करते हुए लिखा, इजराइल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को पता होना चाहिए कि निर्दोषों के खिलाफ जघन्य अपराध करने के बाद उनके पास छिपने की कोई जगह नहीं है। उनको सबक सिखाया जाना जरूरी है।

उम्मीद करता हूं बहुत जल्द सब खत्म हो : ट्रंप

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उम्मीद जताई कि यह "बहुत जल्दी" खत्म हो जाएगा। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से ट्रंप ने कहा, हमने अभी इसके बारे में सुना है। मुझे लगता है कि लोगों को अतीत के कुछ अंशों के आधार पर पता था कि कुछ होने वाला है। वे लंबे समय से लड़ रहे हैं। मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए।

यूएई और कतर ने की संयम बरतने की अपील

ऑपरेशन सिंदूर के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने क्षेत्रीय स्थिरता की आवश्यकता पर बल देते हुए भारत और पाकिस्तान दोनों से तनाव कम करने और संयम बरतने की अपील की। यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने स्पष्ट किया कि कूटनीति ही विवादों का स्थाई समाधान है। वहीं, कतर ने एक संतुलित बयान में दोनों देशों से तनाव कम करने को कहा, जबकि कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत कर आतंकवाद के खिलाफ भारत को समर्थन देने की बात कही। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने कहा, हम भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को लेकर चिंतित हैं और दोनों देशों से अधिकतम संयम बरतने की अपील करते हैं। उन्होंने सैन्य कार्रवाइयों से बचने और संवाद को प्राथमिकता देने की बात कही।

पाकिस्तान के पक्ष में खड़े हुए चीन, तुर्किये

- **भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक को बताया दुखद**

पाकिस्तान पर भारत के एयर स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चीन का जवाब आया है। बुधवार को पाकिस्तान और भारत के बीच बने हालात को लेकर सवाल पूछे जाने पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत की सैन्य कार्रवाई को चीन "दुखद" मानता है। चीन ने कहा कि वह स्थिति को लेकर चिंतित है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों एक-दूसरे के पड़ोसी हैं और चीन के भी पड़ोसी हैं। चीन हर तरह के आतंकवाद का विरोध करता है, लेकिन वह सभी पक्षों से शांति और स्थिरता बनाए रखने की अपील करता है। चीन ने भारत और पाकिस्तान से कहा है कि वे संयम बरतें, हालात को और बिगाड़ने वाले किसी भी कदम से बचें और शांतिपूर्ण तरीके से मसले को सुलझाएं। वहीं, तुर्किये के राजदूत ने विदेश मंत्री इशाक डार से मुलाकात कर पाकिस्तान के साथ एकजुटता दोहराई। तुर्की के राजदूत ने भारत की एयरस्ट्राइक को पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन माना और निर्दोष लोगों की मौत पर शोक जताया। तुर्की ने कहा कि कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं के आधार पर हल किया जाना चाहिए। वहीं, तुर्किये के विदेश मंत्री हकान फिदान ने भी पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री मुहम्मद इशाक डार को फोन कर एकजुटता जाहिर की।

भारत का हमला युद्ध की कार्रवाई, देंगे करारा जवाब

इस्लामाबाद, (भाषा) : पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पंजाब प्रांत और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बुधवार तड़के आतंकी ठिकानों पर भारत की ओर से किए गए मिसाइल हमलों को 'युद्ध की कार्रवाई' करार दिया और कहा कि उनके देश को 'करारा जवाब' देने का पूरा अधिकार है। प्रधानमंत्री शरीफ ने एक बयान में कहा, 'पाकिस्तान को भारत द्वारा किए गए युद्ध के इस कृत्य का मुंहतोड़ जवाब देने का पूरा अधिकार है और वास्तव में इसका करारा जवाब दिया जा रहा है।' शरीफ ने कहा कि उनके सशस्त्र बल 'बहुत अच्छी तरह जानते हैं कि दुश्मन से कैसे निपटना है।' उन्होंने कहा, 'हम दुश्मन को उसके नापाक इरादों में कभी सफल नहीं होने देंगे।' वहीं, उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार ने भारतीय हमलों को पाकिस्तान की संप्रभुता, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का 'घोर उल्लंघन' करार दिया। उन्होंने 'एक्स' पर एक बयान में कहा, 'इसने (भारतीय कार्रवाई) क्षेत्रीय शांति को खतरे में डाल दिया है।'



- **भारत के हमले से उजड़े आतंकिस्तान के पीएम ने दी गीदड़ भभकी**

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर गद्गद् हुई रवीना

मुंबई, (आईएएनएस) : पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान पर भारत की एयरस्ट्राइक पर खुशी जाहिर करते हुए बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने लिखा, भारत हमेशा शांति के पक्ष में खड़ा रहा है। फिर भी, दशकों से हम ऐसे हमलों के शिकार होते आए हैं। दुनिया को अब आतंकी कारखानों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। भारत की कार्रवाई सोची-समझी है, जिसका उद्देश्य केवल आतंकियों को खत्म करने का है, न कि नागरिकों को। हमारे सैनिकों के साथ देशवासियों ने धैर्य और साहस दिखाया। मैं देश, हमारे सशस्त्र बलों, लीडर्स के साथ खड़ी हूं। श्री राम हमें बुराई का नाश करने के लिए मार्गदर्शन दें।'

भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' पर वर्ल्ड मीडिया

'दो न्यूक्लियर पावर के बीच जंग का खतरा'

वाशिंगटन/लंदन (एजेंसी) : भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के ठीक 15 दिन बाद पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया है। ये वे ठिकाने थे, जहां से भारत पर आतंकी हमलों की साजिश रची जा रही थी और उन्हें अंजाम दिया जा रहा था। अमेरिका में न्यूयॉर्क टाइम्स से लेकर ब्रिटेन में बीबीसी तक ने भारत की इस स्ट्राइक को प्रमुखता से कवर किया।

अलजजीरा ने भी प्रमुखता से खबर छापी

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी पहली खबर के शीर्षक में कश्मीर में आतंकी हमले के दो हफ्ते बाद पाकिस्तान पर हमले की बात लिखी। इस रिपोर्ट में लिखा गया कि भारत ने पाकिस्तान में नौ ठिकानों पर हमले किए। हालांकि, इसमें कोई भी सैन्य ठिकाना शामिल नहीं है। रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र है कि बीते अप्रैल में हुए आतंकवादी हमले में दो दर्जन निहत्थे नागरिकों की हत्या कर दी गई थी। 'भारत का पाक पर हमला, जंग की आशंका बढ़ी' शीर्षक से पब्लिश की गई खबर में अमेरिका के ही एक अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा, भारतीय सेना ने बुधवार को कहा कि उसने पिछले महीने कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ हमले शुरू किए हैं, जिससे दोनों न्यूक्लियर पावर देश 6 साल में पहली बार सीधे आमने सामने आ गए हैं। भारतीय सेना ने बताया है कि उसने उन 9 जगहों को निशाना बनाया है, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई थी और डायरेक्शन दिया गया था। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया है। हमला फोकस्ड और नपा-तुला है। पाकिस्तान ने कहा है कि वो सही वक्त पर जवाब देगा। बीबीसी की रिपोर्ट की हेडलाइन में लिखा गया है कि भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हवाई हमले किए हैं। इस रिपोर्ट में पाकिस्तानी सेना के बयान का भी जिक्र है। इसमें पाकिस्तानी सेना ने कहा है कि कई लोकेशंस पर मिसाइलों से हमले किए गए हैं। पश्चिम एशियाई देश कतर से संचालित मीडिया संस्थान अल-जजीरा ने भी पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की।

आतंकियों के जनाजे में शामिल हुई मुनीर की आर्मी

लाहौर, (भाषा) : पाकिस्तान लगातार झूठ बोलता आया है कि वो आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करता है। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तानी सेना और आतंकवादियों के बीच गहरे गठजोड़ की पोल खोलकर रख दी है। दरअसल पाकिस्तानी सेना के कर्मी और हाफिज सईद के प्रतिबंधित जमात-उद-दावा (जेयूडी) के सदस्य लाहौर से करीब 40 किलोमीटर दूर मुरीदके में आतंकवादी समूह के मुख्यालय पर भारतीय सैन्य हमले में मारे गए तीन लोगों के जनाजे की नमाज में बुधवार को शामिल हुए।

जमात-उद-दावा की राजनीतिक शाखा पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग के प्रवक्ता तबीश कय्यूम ने बताया कि कारी अब्दुल मलिक, खालिद और मुदस्सिर की जनाजे की नमाज मुरीदके में कड़ी सुरक्षा के बीच पढ़ी गई। कय्यूम ने कहा कि जनाजे की नमाज में सिविल नौकरशाही के सदस्य भी मौजूद थे। खुद कय्यूम भी जनाजे की नमाज में शामिल हुआ।

- **ऑपरेशन सिंदूर ने खोली आतंकियों के साथ गहरे गठजोड़ की पोल**
- **जेयूडी के सदस्य भी शामिल हुए**

कय्यूम ने कहा, ''पाकिस्तान पर हमला करने वाले भारत को दिनदहाड़े जवाब मिलेगा।'' उसने कहा कि जब भारतीय हमला हुआ और मस्जिद नष्ट हुई, तब कारी अब्दुल मलिक, खालिद और मुदस्सिर मस्जिद के बगल वाले कमरे में सो रहे थे। माना जाता है कि तीनों जेयूडी के सदस्य थे। उसने कहा कि मलिक, खालिद और मुदस्सिर मस्जिद में नमाज पढ़ाया करते थे और उसकी देखभाल करने थे। जनाजे की नमाज के बाद शवों को दफनाने के लिए ले जाया गया।

गाजा में इजराइली हमलों में 59 लोग मारे गए

दीर अल बलाह , (एपी): गाजा में इजराइली हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 59 लोग मारे गए। अस्पताल के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इजराइल हमास के खिलाफ अपने अभियान को तेज करने की तैयारी कर रहा है। अल-अक्सा अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार रात को एक स्कूल पर हमला किया गया, जिसमें 27 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मारे गये लोगों में नौ महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। इस स्कूल में सैकड़ों विस्थापित फलस्तीनी लोगों ने शरण ली हुई है।

अल-अहली अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार गाजा शहर में एक अन्य स्कूल पर तड़के हुए हमले में 16 लोग मारे गए जबकि अन्य क्षेत्रों में किए गए हमलों में कम से कम 16 अन्य लोगों की मौत हो गई। इजराइली सेना ने इन हमलों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।